

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 22 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 337, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे नागरिक- स्वास्थ्य मंत्री आरती

**चंडीगढ़**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव और लोक निर्माण व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने नागरिकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों में वाहनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है जिसमें दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। दिन - प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाए। उन्होंने लोगों को दुर्घटना में घायल लोगों की तुरंत सहायता करने का आह्वान करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने के लिए पहला एक घंटा अति महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवधि में घायल का उचित उपचार शुरू हो जाए तो उसकी जान को काफी हद तक बचाया जा सकता है।

इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में भी 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध रहती है। इसलिए कोई भी दुर्घटना हो जाए तो सर्वप्रथम घायल को सरकारी अस्पताल में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर 27 नक्सली ढेर

## सीएम साय बोले- 2026 तक हो जाएगा लाल आतंक का खात्मा, गृह मंत्री शाह ने जवानों को सराहा

**रायपुर/गरियाबंद**

छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ दो दिनों तक चली नक्सलियों की मुठभेड़ मंगलवार की शाम खत्म हो गई। सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक 20 नक्ललियों के मारे जानी की पुष्टि की है। इनमें एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति, सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ का जवान धर्मेंद्र भोई एवं ओडिशा का जवान डमरू घायल हुए हैं। दोनों रायपुर के नारायणा अस्पताल में इलारत हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरियाबंद नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली सफलता पर बधाई दी है। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। मनोज पर एक करोड़, तो गुड्डू पर 25 लाख रुपये का इनाम था।अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है। सर्च ऑपरेशन जारी है। ऐसे में माना जा रहा है कि अभी और शव मिल सकते हैं। घटनास्थल से एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने बताया कि यह मुठभेड़ रविवार रात से मंगलवार तक जारी रही। इसमें एक हजार 1000 सुरक्षा बल के जवानों ने 60 नक्सलियों को घेरा था। छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली है। यह नक्सल ऑपरेशन गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ,ओडिशा के नुआपाड़ा पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गुंडाला, ओडिशा डीआईजी (नक्सल ऑपरेशन) अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमाडेंट डीएस की देख रेख में चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 18 नक्सली मारे गए थे।





### मुख्यमंत्री साय ने गरियाबंद में सुरक्षाबलों की बहादुरी को किया सलाम

**रायपुर**

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित जिला गरियाबंद के मैनपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रविवार सुबह से जारी मुठभेड़ में अब तक 27 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है। इनके पास से एक एसएलआर और आईडी समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। अब तक 27 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। एक करोड़ का इनामी सेंट्रल कमेटी सदस्य जयराम उर्फ चलपति भी मारा गया है । इधर नक्सलियों पर इस बड़ी कार्रवाई पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों की सराहाना कर उनकी बहादुरी को सलाम किया है। कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।



### एक करोड़ का इनामी नक्सली ढेर



**जवानों** को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।

एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया

गरियाबंद में सुरक्षा बल नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर बताया जा रहा है। अब तक 14 से अधिक महिला / पुरुष नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के सीनियर कैडर शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त की जा रही है ' एनकाउंटर में एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30,कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, २ङ्क नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में रवाना हुई थी।

**ओडिशा-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर संयुक्त ऑपरेशन**

सुरक्षाबलों का दावा है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के कई इनामी लीडर्स मारे गए हैं। छत्तीसगढ़ और ओडिशा फोर्स की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था, इसमें कुल 10 टीम में शामिल थीं।







# भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के लक्ष्य किये जा सकतें हैं पूर्ण-जिलाधिकारी




**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम नीति आयोग के अन्तर्गत चल रहें विकसित कौशाम्बी अभियान में समस्त जिलास्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की क्षमतावर्धन तथा व्यवहार एंव आचरण को बदलने के सम्बन्ध में उदयन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया किया गया।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित कौशाम्बी अभियान के इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेंगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के टारगेट पूर्ण किये जा सकतें हैं। जनपद में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसे हम सही न कर पायें, इसीलिए सभी को टीमभावना के साथ ही कार्य करने की आवश्यकता हैं।

कार्यशाला में नीति आयोग डेवलपमेन्ट पार्टनर एम0एस0सी0 टीम के सलाहकार शशांक गगल द्वारा समस्त अधिकारियों को विकसित कौशाम्बी अभियान के अन्तर्गत हम सबका सपना, विकसित कौशाम्बी अपनाह्व कार्यक्रम के तहत व्यवहार परिवर्तन को कैसे जमीनी स्तर पर उतार सकतें है, किा प्रशिक्षण दिया गया। विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 07-07 लोगों की 06 टीमें लगायी गई हैं। इसके साथ ही शासन की विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर कैसे उतारा जाय, इस सम्बन्ध में टीम के लोगां को प्रशिक्षित किया गया। एकल एवं समूह कार्य से किस तरह गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावशाली परिणाम प्राप्त किये जा सकतें हैं, नेतृत्व की क्षमता से कैसे समस्याओं से समाधान की ओर बढ़ा जा सकता हैं, किस प्रकार चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकता है, अपेक्षाओं का प्रबन्धन कैसे किया जाय, पद के प्रति निष्ठावन कैसे रहा जाय एवं किस तरह अधिकतम से अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया जाय आदि विषयों पर समस्त अधिकारियों को जोड़ने का प्रयास के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, डीसी मनरेगा मनोज कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव एवं पीडीडीआरडीए नीरज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मदर सुहाग एजूकेशनल सेण्टर में साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गयी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। भारत रत्न** अटल बिहारी बाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने के उपलक्ष्य में साइबर अपराध की जानकारी एवं बचाव के सम्बंध में चलाये जा रहे *विशेष जनजागरूकता साप्ताहिक( दिनांक 17.01.2025 से 23.01.2025 तक) अभियान* तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में साइबर अपराधों पर रोकथाम तथा प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा आज दिनांक 21.01.2025 को मदर सुहाग एजूकेशनल सेण्टर फतेहपुर के हाल में *साइबर जागरूकता कार्यक्रम* का आयोजन किया गया। इस दौरान वहाँ उपस्थित सभी छात्र-छात्राओ सहित उपस्थित विद्यालय स्टाफ सहित जनमानस को साइबर अपराध से बचाव की बारीकियों से अवगत कराया गया। उपस्थित सभी लोगो को वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध, ओटीपी फ्राड, एटीएम कार्ड की जानकारी शेयर न करना, लोन फ्राड, सेक्सटार्शन फ्राड, सोशल मीडिया फ्राड, कस्टमर केयर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट, कलर ट्रेडिंग, शादी के नाम पर फ्राड आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जागरूकता पम्पलेट वितरित किये गए। जनपद के सभी थानो के द्वारा एक सप्ताह का विशेष अभियान के तहत साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया रहा है। सभी थानो पर नियुक्त साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा भी प्रतिदिन अपने-अपने थाना क्षेत्र में लोगो को जागरूक किया जा रहा है। आजकल स्कैमर्स लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए और उनका डेटा चोरी करने के लिए नई नई चालें चल रहे हैं। अगर आप खुद को ऐसे स्कैम से बचाना चाहते हैं, तो केवल जैसे विश्वसनीय जगह से ही ऐप डाउनलोड और इंस्टॉल करें। ऐसे ही टेलीग्राम एप/ व्हाट्सप्प ग्रुप के माध्यम से आज कल एक नया स्कैम/फ्राड शुरू हुआ है जिसमें लाइक, सबस्क्राइम, शेयर, इनवेस्ट आदि के नाम पर पहले आपको पैसा देकर विश्वास में लेंगे और टास्क के नाम पर आपको पैसे देकर आपको विश्वास में लेते है। फिर आप से पैसा लगाने/मांगने लगते है यह बोलकर कि आप ज्यादा मुनाफा कमायेगें । वो मुनाफा दिखाते है कि आप का फायदा इतना हो गया लेकिन देने के बजाय और बहाने बना कर आप से पैसे मांगते हैं । फिर टेलीग्राम चैनल/ व्हाट्सप्प ग्रुप बंद हो जायेगा या फिर आपको ब्लाक कर देंगे और आपको आर्थिक नुकसान हो सकता है। मौके पर मदर सुहाग एजूकेशनल सेण्टर फतेहपुर विद्यालय के प्रबन्धक श्री मोहित सिंह चन्देल व प्रधानाचार्य श्री डी के श्रीवास्तव व अन्य टीचिंग स्टाफ के साथ साइबर टीम से उ0नि0 निरीक्षक श्री रणधीर सिंह व का0 प्रवीन सिंह तथा का0 अजय कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में बताए गए टिप्स से और अधिक लोगों तक पहुंचाने का निवेदन किया गया। साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा अधिक से अधिक लोगों को एक साथ जागरूक करने का प्रयास किया गया है ।

**साइबर सुरक्षा टिप्स**

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें
02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।
07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।
08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।
09. साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।
10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें तथा इस प्रकार की कोई भी घटना होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या बेवसाइट पर कॉल करके आनलाइल शिकायत दर्ज कराएं।

साइबर अपराध से सतर्क रहिए, सुरक्षित रहिए, थोड़ी सी जागरूकता और सावधानी से हम इन ठगों के जाल से बच सकते हैं।"

## गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया व टोलीवार परेड का रिहर्सल कराया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## आईजीआरएस पोर्टल में असंतुष्ट फीडबैक अधिक प्राप्त होने पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। मुख्यमंत्री** की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में जनपद स्तर पर आई0जी0आर0एस0 संदर्भो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अनुश्रवण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में आई0जी0आर0एस0 सेल का गठन किया गया, जो लगातार निस्तारित सदर्भो के विषय में शिकायतकताओं से फीडबैक प्राप्त करता हैं मुख्यमंत्री कार्यालय आई0जी0आर0एस0 शिकायती सेल से रैण्डम आधार पर आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर विभाग-अपर पुलिस अधीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी मंझनपुर, अधिशासी अधिकारी भरवारी एवं तहसीलदार सिराथू द्वारा सम्बन्धित संदर्भो पर किये गये निस्तारण पर शिकायतकर्ता द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दिया गया है। जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं के असंतुष्ट फीडबैक अधिक प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त असन्तुष्ट फीडबैक शिकायतों को स्वयं मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से वार्ता कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए असंतुष्ट फीडबैक के प्रकरणों पर कारण सहित अपना स्पष्टीकरण/कारण बताओ नोटिस तीन दिवस के अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दियें।

## एसपी और सीओ ने किया आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई। इसी तरह पूरे जिले की थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ कस्बा चौराहा बाजार में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया और सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# किसान की धारदार हथियार से हत्या

### खेत पर काम करते समय सिर पर हमला, एक आरोपी हिरासत में



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर!** बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव गावंडी बुजुर्ग में मंगलवार दोपहर को एक और हत्या ने क्षेत्र में दहशत फैला दी। खेत में काम कर रहे 48 वर्षीय किसान विजयपाल पुत्र पुरन की धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। मृतक का एक बेटा एस एस बी में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी संजीव वाजपेई और सीओ सिटी संग्राम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और एक संदिग्ध आरोपी को हिरासत में ले लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गौरतलब है कि इसी गांव में छह दिन पहले बुधवार की रात को एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए रोहित की भी रंजिश के चलते धारदार हथियार और फावड़े से हत्या कर दी गई थी। उस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो हत्याओं के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। विजयपाल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में अधेड़ की दर्दनाक मौत

### मृतक की एक लड़की थी जिसका विवाह हो चुका है अब उनकी कोई अन्य संतान नहीं है

### मुंबई में गनमैन की नौकरी करते थे एक महीने पहले मुंबई से लौटे थे वह वापस अपने गांव

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।**कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव का एक अधेड़ सोमवार की शाम भरवारी से अपने घर जा रहा था कोखराज चौराहे के पास तेज गति किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया है टक्कर लगने के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले को सूचना घर परिवार पुलिस और एंबुलेंस को दिया है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है मौत होते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है बताया जाता है कि मृतक की एक लड़की थी जिसका विवाह हो चुका है अब उनकी कोई अन्य संतान नहीं है।



जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी फूल चंद्र यादव उम्र 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय किशोर रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते थे और गनमैन की नौकरी करते थे एक महीने पहले मुंबई से वह वापस अपने गांव महमदपुर लौटे थे सोमवार को वह भरवारी बाजार गए थे और भरवारी बाजार से शाम को वह वापस अपने गांव महमदपुर लौट रहे थे लेकिन कोखराज चौराहे के पास उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया है वाहन की तेज टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना की सूचना घर परिवार के साथ पुलिस और एंबुलेंस को दी और इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके उनकी दर्दनाक मौत हो गई है मौत के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत की जानकारी के बाद उनके घर पर लोगों का मजमा लगा है और रिश्तेदारों के बीच कोहराम मचा है।

## पांच वारण्टी अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे








**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर वारंटी की तलाश में तीन थानों की पुलिस ने 5 वारंटी गिरफ्तार कर विधि कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० अखण्डानंद दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मिथिलेश कुमार मोर्य पुत्र भैरो प्रसाद मौर्य निवासी अंबाबा पूरब थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी व उ०नि० कृष्ण कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त नरेश पुत्र लल्ला निवासी गौरा, ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उ०नि० प्रदीप कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त कमलेश पुत्र काशी प्रसाद निवासी ग्राम ढोकसहा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उ०नि० विकाश चन्द्र मिश्रा ने 2 वारण्टी अभियुक्तों शिवनारायण उर्फ जयकरन पुत्र रामदास, भइयादीन पुत्र रामदास निवासीगण सादीपुर थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों** की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना ललौली पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट थाना ललौली से सम्बंधित वांछित अभियुक्त अंशुल पुत्र रामू लोधी निवासी नयापुरवा थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## पेड़ काटने के विवाद में बुजुर्ग की हत्या

### सगे भाई और भतीजों पर केस दर्ज, तीनों फरार; जंगल में मिला था शव



**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर! नजीबा**बाद क्षेत्र में पेड़ काटने के विवाद में हत्या का मामला सामने आया है। 55 वर्षीय जुल्फिकार की हत्या के मामले में उनके सगे भाई, भतीजा और भतीजी पर मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। जब जुल्फिकार अपने खेत पर गए थे। दोपहर में जब उनकी बेटी खेत पर पहुंची तो वह वहां नहीं मिले। परिजनों ने देर रात गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अगले दिन रविवार को नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव में रामचंद्र के खेत के पास जंगल में उनका शव बरामद हुआ। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पेड़ काटने के विवाद में उनके सगे भाई और भतीजों ने जुल्फिकार की हत्या कर दी। नजीबाबाद के गांव मोहम्मद अलीपुर उर्फ अलीमुद्दीन निवासी जुल्फिकार की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

नजीबाबाद कोतवाल जयभगवान सिंह के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है। फिलहाल पुलिस टीमें लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

## धर्मपरिवर्तन के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। एसपी** बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० भोला यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर एससी/एसटी एक्ट व विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शंकर लाल चौरसिया पुत्र स्व० अमरनाथ चौरसिया निवासी ग्राम नुमायाडाही थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज हाल पता श्रीराम गेस्ट हाउस के पास कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को शहीद बाब मजार के पास तन्नापार जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जमातलाशी से 68 अदद विजिटिंग कार्ड, 76 अदद पम्पलेट, 01 अदद पुस्तक बाईबिल, 01 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त राजा उर्फ कप्यूम पुत्र मुंशी याकूब निवासी मसवानी थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## 38 लाख रुपए की अवैध मार्फिन बरामद, दो गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर सफदरगंज पुलिस ने 38 लाख की अवैध मार्फीन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को अभियुक्तगण नोमान पुत्र नवी अहमद निवासी नीम चौराहा लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर बाराबंकी, इस्लामुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासी ग्राम दशहराबाग लक्ष्मणपुरी कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 385 ग्राम अवैध मारफीन (अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 38 लाख रुपए) बरामद किया गया।

# किसशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, जुबां पे ...पर झूमे श्रोता

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। दूधिया रौशनी से नहाया हुआ कलाग्राम का** मंच और खचाखच भरा दर्शक दीर्घा। प्रसिद्ध गायक आदित्य सारस्वत को सुनने के लिए लोग आतुर दिखायी दिए। मंच पर पहुंचते ही श्रोताओं ने उनका तालिओं के गड़गड़ाहट से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने एक से बढ़कर भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदित किया। देर रात तक श्रोता सारस्वत को सुनने के लिए अपनी कुर्सियों पर डटे रहे। अवसर महाकुंभ जैसे आयोजन का हो तो बात ही निराली हो जाती है। मंगलवार को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कलाग्राम में



आयोजित सांस्कृतिक कुंभ के तहत नृत्य, संगीत की जुगलबंदी पर दर्शक थिरकते नजर आये। आदित्य ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत हे राम, हे राम जग में साचो तेरो नाम से की। उसके बाद मंगल भवन अमंगल हारी राम सिया राम, मोरा मन दर्पण कहलाए, माई तेरी



चुनरिया लहराई, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, जुबा पे राधा राधा- राधा नाम हो जाए तथा रघुपति राघव राजा राम जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे मंच को राममय कर दिया। लोकनृत्यों की कड़ी में ढोल, नरसिंघा और बांसुरी जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर चूड़ीदार पायजामा और ऊनी टोपी पहने हिमाचल प्रदेश से आए कलाकारों ने गद्दी नाटी लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर गद्दी जनजाति के लोगों की कला और जीवनशैली को प्रदर्शित किया। इसके बाद मथुरा के कलाकारों द्वारा बृज के नृत्य की प्रस्तुति दी गई। असम के कलाकारों ने बिहू नृत्य, हरियाणा के कलाकारों ने फाग नृत्य, हिमाचल प्रदेश के कलाकारों ने सिरमौरी नाटी नृत्य, पंजाब के कलाकारों ने झूमर नृत्य के माध्यम से ग्रामीण जीवन, प्रेम, और प्रकृति के प्रति सम्मान को दर्शकों को दिखाया।

## संगम महाकुम्भ पुलिस ने गुमशुदा छोटी बच्ची को पिता से मिलाया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। मह**ाकुम्भ-2025 त्रिवेणी की धारा में डुबकी लगाने प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु/स्नानार्थी मेला क्षेत्र में आते हैं` श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु संपूर्ण मेला क्षेत्र में समुचित पुलिस प्रबंध किए गए हैं और पुलिस बल के द्वारा श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियों की सुरक्षा हेतु निरंतर सजग रहते हुये सतर्क दृष्टि रखी जा रही है` महाकुम्भ मेला क्षेत्र में इस दौरान मंगलवार को एक छोटी बच्ची संगम स्नान के दौरान अपने पिता से बिछड़ गई, पिता पवन कुमार द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद महिला थाना संगम पहुंचकर सूचना दी गई कि मेरी पुत्री अंजली निवासी फुलवरिया थाना मकेर जिला छपरा बिहार संगम स्नान के दौरान कही बिछड़ गई उक्त सूचना को संज्ञान में लेते हुए प्रभारी महिला थाना ने अपनी टीम के साथ संगम नोज पर भ्रमण करते हुए काफी खोजबीन के बाद छोटी बच्ची अंजली को खोज निकाला तत्पश्चात बच्ची के पिता पवन कुमार को सुपुर्द किया गया। पवन कुमार द्वारा पुलिस के किये गये सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गयी। पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण द्वारा महिला थाना प्रभारी व उनकी टीम को सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## नये कानून के तीन आधार न्याय, निष्पक्षता और सामान्य व्यवहार, कानून के हाथ तकनीक के साथ न्याय और नागरिक सुरक्षा पर जोर



**महाकुम्भ नगर। डर नहीं** न्याय पर आधारित आजाद भारत के अपने तीन नये कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो 1 जुलाई, 2024 से लागू हैं ' इन तीन नये कानूनों की विस्तृत जानकारी सरल भाषा में महाकुम्भ प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की आकर्षक डिजिटल प्रदर्शनी में श्रद्धालु जनों को मिल रही है '

एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलईडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ सरकार की नयी नीतियों, कानूनों और भारतीय संविधान की भी जानकारी प्रदर्शनी के दर्शकों को मिल रही है। दृश्य -श्रव्य माध्यम से बताया जा रहा है कि नये कानून के तीन आधार न्याय, निष्पक्षता और सामान्य व्यवहार हैं, कानून के हाथ तकनीक के साथ हैं जिसमें न्याय और नागरिक सुरक्षा को महत्व दिया गया है।

नये कानूनों में भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाया गया है। तीनों नये कानून भारतीय न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव के प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध, संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नई संरचना प्रस्तुत करते हैं।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार, मोबाइल नगदी बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। सोमवार** को वादी सुबेदार सूर्यभान सिंह निवासी केशवापुर जीटी रोड थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना कोखराज पुर सूचना दी गयी कि एक अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान पर सामान लेने आया था, जब उनकी पत्नी सामान लेने के लिए दुकान के अन्दर गयीं तो अज्ञात व्यक्ति उनका मोबाइल फोन व पैसे लेकर गायब हो गया।



मंगलवार को सर्विलांस सेल के माध्यम से प्राप्त लोकेशन के आधार पर थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 मनीष पाल मय हमराह पुलिस बल द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त कल्लू उर्फ मंजे पुत्र स्व० बद्री प्रसाद निवासी चिटकहना थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को कानपुर प्रयागराज हाइवे से ग्राम चकिया सम्पर्क मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल एवं जामातलाशी से 01 अदद मोबाइल फोन सैमसंग गैलेक्सी नोट-10 व 950 रुपए बरामद हुआ। पूछताछ से अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बता

# मंत्री ए0के0 शर्मा तीन दिनों से महाकुंभ मेला क्षेत्र में डटे

## सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता व सुशोभन की व्यवस्था को उच्चकोटि का बनाने पर जोर

## संतों, शंकराचार्यों, जगतगुरूओं का लिया आशीर्वाद, महाकुम्भ व्यवस्था पर उनके सुझाव भी जाने

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। नगर विकास** एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा लगातार तीन दिनों से प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं व तीर्थयात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा एवं स्वच्छता व साफ सफाई का निरीक्षण कर रहे और संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई एवं व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के जरूरी निर्देश भी दे रहे हैं। उन्होंने प्रातःकाल निकलकर कुम्भ मेला क्षेत्र और शहर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। कुम्भ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लेने के लिए मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं से मिले और मेला क्षेत्र में कल्पवास



कर रहे साधु संतों, शंकराचार्यों, जगत गुरूओं से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर उनके सुझाव भी जाने। मंत्री श्री शर्मा मंगलवार को महाकुंभ में द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती जी महाराज एवं शंकराचार्य जगन्नाथपुरी स्वामी निश्चलानंद महराज से मिलकर आशीर्वाद भी लिया। साथ ही निरंजनी अखाड़ा के महामण्डलेश्वर कैलाशानंद महाराज और शाम्भवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंदस्वरूप महाराज को मिलकर उन्हें नमन किया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन होने वाले शाही स्नान में सबसे ज्यादा 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इतनी बड़ी भीड़ के समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। साथ ही इन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी जा रही है, जिससे कि कहीं पर भी कमी या चूक की गुंजाइश न रहे। महाकुम्भ की दिव्यता, भव्यता, सुरक्षा, स्वच्छता, सुंदरीकरण, लाइटिंग और हरियाली आदि व्यवस्थाओं की प्रशंसा देश विदेश से आये श्रद्धालु कर रहे हैं। इसके लिए सभी सफाई कर्मी एवं व्यवस्था में लगे अन्य सभी कार्मिक बधाई के पात्र हैं। इनके परिश्रम से देश की सांस्कृतिक विरासत को पूरी दुनिया में पहचान मिल रही है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक, अध्यात्मिक विरासत का संगम व सनातन के धरोहर का अनमोल उपहार है। तीर्थराज प्रयाग की धरती के पावन त्रिवेणी संगम पर हजारों वर्षों से कुम्भ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आशीर्वाद एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूर्वांचल के विकास सहित प्रदेश के सभी पौराणिक तीर्थस्थलों, धरोहरों, धार्मिक विरासत का उद्धार एवं पुनर्निर्माण कर रही है। प्रयागराज में भी दर्जनों धरोहर हैं, जिनका पिछली सरकारों ने उपेक्षा किया और विकास के नाम पर विगत 70 वर्षों से एक ईंट भी यहां पर नहीं लगायी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में नागवासुकी मंदिर, संगम तट पर लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर, अक्षयवट, भरद्वाज ऋषि आश्रम, श्रृंगवेरपुर में निषादराज का स्थल आदि सभी धरोहरों का महाकुम्भ-2025 को लेकर कायाकल्प किया गया। जन भागीदारी को बढ़ाने पर मंत्री ए के शर्मा का विशेष जोर है। दिन भर के व्यस्त कार्यक्रम के बाद शाम को मंत्री ए.के. शर्मा ने सिविल लाइंस चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर चौराहे पर नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। रेडियो सिटी की महाकुंभ स्वच्छता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया, स्वच्छता वैन के माध्यम से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाई जायेगी। इस दौरान मंत्री एके शर्मा ने लोगों को प्लास्टिक के थैले के विकल्प में कपड़े के थैले और डस्टबिन का भी वितरण किया। शाम के इस कार्यक्रम में मेयर प्रयागराज, नगर आयुक्त प्रयागराज, अपर नगर आयुक्त प्रयागराज, सहित सभी अधिकारी कर्मचारी गण व सैकड़ों की संख्या में प्रयागवासी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सौंपा ज्ञापन

**सबसे तेज प्रयागराज**



**मऊआइमा। भारतीय कि**सान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे ने मऊआइमा थाने में झूठा आरोप लगाकर फर्जी प्रार्थना पत्र देने के सम्बन्ध में मंगलवार को एक लिखित ज्ञापन सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर गंगानगर प्रयागराज को एवं थाना प्रभारी निरीक्षक थाना मऊआइमा को दिया। और उचित कार्यवाही करने की मांग की। मौके पर डॉ रामराज पटेल मंडल सलाहकार, संतोष तिवारी जिला अध्यक्ष जौनपुर, भारत लाल पटेल गंगापार अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार मंडल सचिव, विजय कुमार गंगा पार युवा अध्यक्ष, राजू शुक्ला जिला सलाहकार, बच्चा लाल पटेल ब्लॉक अध्यक्ष, सोना सिंह, रुपा देवी, मुन्ना सिंह जिला संगठन मंत्री,उबैद ठाकुर युवा मंडल उपाध्यक्ष, अमरनाथ यादव मंडल उपाध्यक्ष, महताब खान प्रदेश सचिव,मुदस्सिर भाई,मोहम्मद सलीम गंगापार अध्यक्ष अल्पसंख्यक एहसान खान, ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष बहरिया हरिश्चंद्र, ब्लॉक अध्यक्ष इस्तेमाल हाफिज, पप्पू भाई सुरेश, अजय पटेल मंडल संगठन मंत्री,चंद्रजीत यादव, राजकुमार यादव उपाध्यक्ष, अजीत सिंह पटेल राम सजीवन पटेल, महेंद्र कुमार पटेल, अमित गौड़,सूरज गौड़ आदि सैकड़ो लोग व महिलाएं मौजूद रही ।

## चोरी की चार बकरियों के साथ चार चोर गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। कुर्सी पुलि**स चोरी के आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर चार चोरों को गिरफ्तार कर बकरियां बरामद किया।

थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण रिजवान अहमद पुत्र रहमत अली निवासी ठाकुरमऊ थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी, ललित शुक्ला पुत्र राम सेवक शुक्ला निवासी ग्राम नेवादा खुर्द थाना मछरहिटा जनपद सीतापुर,सिराज पुत्र अब्दुल गफ्फुर निवासी ग्राम ठकुरा मऊ थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी, रितिक यादव पुत्र शिवलाल यादव निवासी ग्राम ठकुरामऊ थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को चोरी की 04 अदद बकरियाँ के साथ पडरी मोड़, कुर्सी से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त रिजवान अहमद उपरोक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 19.01.2025 की रात्रि को मीरनगर, कुर्सी से 04 अदद बकरियों को बेचने के लिए चोरी किया गया था।



## होलागढ़ में हरे पेड़ों की बेधड़क हो रहीं कटाई, लोगों में उठ रहे सवाल

### हरे पेड़ों की कटाई को लेकर संबंधित कर्मचारियों पर संलिप्तता ग्रामीणों की सामने दिख रही है

**सबसे तेज प्रयागराज**



**होलागढ़/प्रयागराज ।** होलागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरई हरख सुंदरनगर चौराहे पर हरे पेड़ों की कटाई बेधड़क जारी है। ऐसे में ही वन विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं हरे पेड़ों की कटाई को लेकर पर्यावरण को लेकर खतरा बना हुआ है। सोरांव तहसील के होलागढ़ थाना क्षेत्र के बरई हरख सुंदरनगर चौराहे पर हरे पेड़ों पर वन माफियाओं द्वारा कटाई जारी है। दिलचस्प यह है कि हरे पेड़ों की कटान को लेकर जहां एक तरफ संबंधित कर्मचारियों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में ही वन माफियाओं द्वारा हरे पेड़ों की कटाई करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसको लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं वन माफियाओं द्वारा बेजुबान पेड़ों को कटाने से बाज नहीं आ रहे हैं। वन विभाग के द्वारा परमिशन जर्जर व सूखे पेड़ों के आड़ में हरे पेड़ धड़ल्ले से वन विभाग व संबंधित थाना के पुलिसकर्मियों के मिली भगत से काटे जा रहे हैं समय रहते उच्च अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो बन माफिया द्वारा हरे पेड़ों को क्षेत्र से सफाया कर देंगे।

## अवैध गांजा बेचने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। कप्तान** दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध गांजा की सप्लाई करने वाले दो युवक को गिरफ्तार कर राजा बरामद करते हुए जेल भेज दिया। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को अभियुक्त विश्वनाथ यादव उर्फ बी0पी0 पुत्र रामसरन निवासी ग्राम मोहनापुर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 1300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। थाना दरियाबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र लल्लन बाबा निवासी ग्राम पण्डित पुरवा मजरे सैदखानपुर थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को जगलेश्वर महादेव मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 760 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया।




## पुलिस उप महानिरीक्षक ने कैबिनेट बैठक स्थल का किया निरीक्षण





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ के अरैल क्षेत्र में बुधवार को प्रस्तावित विधानसभा उ0 प्र0 कैबिनेट की** बैठक स्थल का पुलिस अफसरों ने निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण के द्वारा थाना अरैल क्षेत्र में विधानसभा के कैबिनेट की बैठक हेतु तैयार की गई त्रिवेणी संकुल टेंट सिटी का भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक महाकुम्भ द्वारा जल पुलिस की मोटर वोट से संगम नोज सहित वीवीआईपी घाट का भ्रमण करते हुए घाटों पर लगे डीप वॉटर बैरिकेडिंग एवं फ्लोटिंग रिवर लाइन का भी निरीक्षण किया गया।

## मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दृष्टिगत डीसीपी ने प्रमुख चौराहों, प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट्स व बैरियर प्वाइंट्स का किया निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । महाकु**म्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन तथा आगामी मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती द्वारा मंगलवार को प्रमुख चौराहों, प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट्स व बैरियर प्वाइंट्स का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग की गयी एवं श्रद्धालुओं के सुगम/सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइन्स तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## अफसरों ने निरीक्षण कर जानी हकीकत, दिए दिशा निर्देश





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। म**हाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन व आगामी स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत मंगलवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत द्वारा पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के साथ गंगानगर जोन के प्रमुख यातायात मार्ग, पार्किंग एरिया, होल्डिंग एरिया का भ्रमण किया गया। पुलिस उपायुक्त कुम्भ सिद्धार्थ शंकर मीना व पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज कुमार पाण्डेय के साथ इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर( आईसीसीसी) से श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## फतेहपुर पुलिस ने 4 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** फतेहपुर कोतवाली पुलिस क्षेत्र में हार जीत की बाजी लगा रहे चार लोगों को गिरफ्तार का नगदी वाश के पत्ते बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया। थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 4 अभियुक्तगण शफीक अहमद पुत्र स्व0 मस्तान उर्फ अली हुसैन, मो0 अजीज पुत्र मो0 जाकिर, .सादीक पुत्र यासीन, फुरकान पुत्र गनी निवासीगण कटरा नालापाल दक्षिणी कस्बा व थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 470/-रुपए बरामद किया गया।

# तेजी से Weight loss में मदद करता है एप्पल साइडर विनेगर, मगर कम ही लोग जानते हैं इसे पीने का सही समय



**क्या आप भी तेजी से वजन कम करने के तरीके ढूंढ रहे हैं? अगर हां तो बताइए क्या आपने कभी एप्पल साइडर विनेगर के बारे में सुना है जो वजन घटाने में मदद (pple Cider Vinegar For Weight Loss) कर सकता है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं एप्पल साइडर विनेगर के फायदों (Apple Cider Vinegar Benefits) और इसे पीने के सही समय के बारे में।**

एप्पल साइडर विनेगर सदियों से अपने चमत्कारी फायदों के लिए जाना जाता है। इसमें ढेरों एंटीमाइक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो सेहत के लिए बेहद जरूरी हैं।

यह वजन कम करने, खराब कोलेस्ट्रॉल से छुटकारा दिलाने, ब्लड शुगर लेवल को कम करने और डायबिटीज के लक्षणों में सुधार करने में भी मदद करता है। इन सभी गुणों के कारण लोग अक्सर यह जानना चाहते हैं कि एप्पल साइडर विनेगर को दिन के किस समय पीना चाहिए (Best Time to Drink ACV)? अगर आप भी इस सवाल का जवाब जानना चाहते हैं, तो आइए इस आर्टिकल में आपको बताते हैं।

कैसे वजन कम करता है एप्पल साइडर विनेगर?

मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करे- एप्पल साइडर विनेगर आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद कर सकता है, जिससे आपकी कैलोरी जलने की दर बढ़ जाती है।

भूख को कम करे: यह आपके पेट को भरा रखने में मदद करता है और आपको लंबे समय तक फुल महसूस कराता है, जिससे आप ओवरईटिंग से बचते हैं।

इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाए: यह आपके शरीर की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल को काबू करने में मदद मिलती है और वजन घटाना भी आसान हो जाता है।

चर्बी जलाने में मदद करता है: कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि एप्पल साइडर विनेगर शरीर में चर्बी जलाने की प्रक्रिया को बढ़ा सकता है।

एप्पल साइडर विनेगर पीने का सही समय

एप्पल साइडर विनेगर को दिन में किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन सबसे अच्छे रिजल्ट्स के लिए इसे खास वक्त पर पीना बहुत जरूरी है।

सुबह खाली पेट: सुबह खाली पेट एक गिलास पानी में एक या दो चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा मिलता है और दिन भर कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है।

खाने से पहले: हर मील से पहले एक गिलास पानी में एक या दो चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर पीने से आप कम खाते हैं और लंबे समय तक भरे हुए महसूस करते हैं।

सोने से पहले: रात को सोने से पहले एक गिलास पानी में एक या दो चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर पीने से ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और वजन घटाने में मदद मिलती है।

एप्पल साइडर विनेगर पीते समय सावधानियां

पानी में मिलाकर पिएं: एप्पल साइडर विनेगर को सीधे पीने से आपके दांतों और गले को नुकसान पहुंच सकता है, इसलिए इसे हमेशा पानी में मिलाकर ही पिएं।मात्रा का ध्यान रखें: एक दिन में तीन चम्मच से अधिक एप्पल साइडर विनेगर न पिएं।

# कांग्रेस : विश्वासघातियों का फोटो लगाने से अच्छा संदेश नहीं



कांग्रेस को यह समझना जरूरी है कि इस समय उसका मुकाबला उन मोदी से है जिन्होंने सारी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। बस केवल एक राहुल बचे हुए हैं। जो हथियार डालने को तैयार नहीं है। जो बात उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा से पहले कही थी कि कोई चले या न चले में अकेला जाऊंगा। उस पर आज तक कायम हैं।कांग्रेस का नया भवन अच्छा है लेकिन पार्टी इसे जो अपना भविष्य बनाने वाले और सब कुछ बदल देने वाले कारनामे की तरह पेश कर रही है यह खतरनाक है।भवनों से सफलता नहीं मिलती। समस्याएं खत्म नहीं होती। उनसे तो लड़ना पड़ता है। पहचान की स्टेज तक तो पहुंच गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नवंबर में दिल्ली में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में सब कुछ बता दिया कि पार्टी की हालत क्या है। भयंकर गुटबाजी है। रणनीति का अभाव है, संगठन नहीं है। और भी बहुत कुछ। कहा कि कठोर निर्णय लेना पड़ेंगे। जवाबदेही तय करना पड़ेगी। हम जब आपस में ही एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं तो विरोधियों को कैसे हरा पाएंगे? राहुल गांधी ने भी कहा कि सख्ती से काम लीजिए। कड़े एक्शन लीजिए।तो यह समस्याओं की पहचान तो सही ढंग से हो गई। उसके बाद बेलगावी की एक और सीडब्ल्यूसी भी हो गई। अब समस्याओं के समाधान का समय है। संगठन के पुनर्निर्माण का।इन सब का हल नए भवन से नहीं मिलेगा। हर बड़ी पार्टी का दिल्ली में अपना मुख्यालय है। भाजपा के तो दो एक मुख्यालय, एक उसका एक्सटेंशन। सीपीएम, सीपीआई, बसपा सबके अपने आफिस हैं। कांग्रेस का तो सबसे बाद में बना है। और शायद इसलिए वह खुशी भी ज्यादा प्रकट कर रही है।

ठीक है। बुरे समय में खुशी का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहिए। मगर उसे इलाज नहीं समझ लेना चाहिए। यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि इंदिरा भवन लोकतंत्र की रक्षा और सजग विपक्ष की भूमिका निभाने को तैयार। पार्टी की ऐतिहासिक विरासत का प्रतिबिम्ब इसमें देखना। पार्टी की विरासत बहुत बड़ी चीज है। आजादी के आन्दोलन का नेतृत्व करने के मौके से लेकर भारत के नवनिर्माण तक। मगर यह समझने की और इसके विचार लोगों तक लगातार पहुंचाते रहने की जरूरत है। विरासत के नाम पर नेताओं के फोटो लगाने से पार्टी का मैसेज कहीं नहीं जाएगा। और उन नेताओं के फोटो जिन्होंने पार्टी के साथ गद्दारी की हो लगाने से उल्टा मैसेज और चला जाएगा।वीपी सिंह जिन्होंने बोफोर्स के झूठे आरोप लगाकर राजीव गांधी की सरकार ही पलट दी थी- का फोटो या सोनिया गांधी राहुल पर झूठे आरोप लगाने वाले गुलाम नबी आजाद का फोटो लगाकर कांग्रेस अपने वफादार नेताओं और कार्यकर्ताओं को क्या संदेश दे रही है? कि गद्दारी करोगे तो हमेशा याद रखे जाओगे। सम्मान मिलता रहेगा? लोग सफाई में कह रहे हैं कि इतिहास नहीं बदला जा सकता। फोटो कोई इतिहास होता है?139 साल पुरानी पार्टी के पास इतिहास को बदल देने वाले लाखों फोटो हैं। दुनिया का भूगोल बदल देने वाले भी। उनमें आजाद और वीपी सिंह की तस्वीरों की क्या प्रासंगिकता है। किसी एक ग्रुप में साथ हैं बस यह! या तो कोई ऐसा फोटो हो जो एक मात्र हो। यह तो ऐसे हैं जिस नेचर को हजारों हजार फोटो हैं। राजीव गांधी के साथ वीपी का। और सोनिया राहुल प्रियंका के साथ आजाद का।

किसे दिखाना चाह रहे हो आप? राजीव, सोनिया, प्रियंका, राहुल के तो बहुत फोटो हैं उन नेताओं के साथ जो जीवन भर पार्टी के लिए समर्पित रहे। वीपी और आजाद के साथ राजीव सोनिया राहुल प्रियंका को दिखाने का क्या मैसेज है?कांग्रेस के इन फैसलों को कोई नहीं समझ सकता। लेकिन यह स्पष्ट है कि इससे वफादार कार्यकर्ताओं और नेताओं में गलत संदेश जाता है। अब लोग कहने लगे हैं कि हरियाणा में पार्टी को हराने वाले नेताओं को चिन्ता करने की कोई जरूरत नहीं। वीपी और आजाद के फोटो लगाकर पार्टी ने बता दिया है कि नुकसान पहुंचाने वालों से पार्टी नाराज नहीं होती है बल्कि उनका सम्मान कायम रहता है या और बढ़ता है।चिन्ता समर्पित कार्यकर्ताओं को करने की जरूरत है जो हरियाणा और महाराष्ट्र की हार के बाद हुई दिल्ली सीडब्ल्यूसी और बेलगावी सीडब्ल्यूसी में कहे गए वचनों पर भरोसा करने लगे थे। दिल्ली के बाद बेलगावी में तो खरगे ने एक कदम और आगे बढ़ाकर यहां तक कहा था कि पार्टी अच्छे मेहनती लोगों को ढूंढकर संगठन में जगह देगी।कांग्रेस को यह समझना जरूरी है कि इस समय उसका मुकाबला उन मोदी से है जिन्होंने सारी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। बस केवल एक राहुल बचे हुए हैं। जो हथियार डालने को तैयार नहीं है। जो बात उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा से पहले कही थी कि कोई चले या न चले में अकेला जाऊंगा। उस पर आज तक कायम हैं। और न केवल कायम हैं बल्कि एक कदम आगे बढ़कर अभी दिल्ली में कांग्रेस चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए सीलमपुर में यहां तक कह दिया कि जब तक मैं जिन्दा हूं कोई किसी कमजोर को गरीब को छू नहीं सकता।राहुल को देश नहीं समझ रहा यह शिकायत जायज है। मगर खुद कांग्रेस नहीं समझ रही इसका क्या इलाज है? राहुल संगठन के आदमी नहीं हैं। वे सीधे जनता से जुड़ने वाले आदमी हैं। बहुत मुश्किल से महासचिव बने थे। फिर उपाध्यक्ष। फिर अध्यक्ष। यह कहते हैं परिवार सब पर अपना कब्जा रखना चाहता है। यह राजनीतिक बयान है। परिवार को राहुल को दबाव में लाने के लिए जनता में भ्रम पैदा करने के लिए।राहुल चाहते तो सीधे प्रधानमंत्री भी बन सकते थे। और अगर वे 2009 के बाद कभी भी बन जाते तो इतनी सीटों से ज्यादा तो कांग्रेस की आ ही जातीं। 2014 चुनाव से पहले कांग्रेस हार मान चुकी थी। राहुल होते तो लड़ते। और अगर कांग्रेस थोड़ा सा भी लड़ते दिखती तो उसकी सौ से कम सीटें को किसी भी हालत में नहीं आतीं। इमरजेन्सी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 2014 से पहले तक के चुनावों में सबसे कम सीटें मिली थी। 154। मगर 2014 में तो वह केवल 44 पर आ गई।

लेकिन राहुल कुछ नहीं बने। पद और दिखावटी प्रतिष्ठा में उनकी रूचि नहीं रही। 2017 में भी पार्टी के दबाव में अध्यक्ष बने मगर केवल डेढ़ साल रहे। 2019 में इस्तीफा दे दिया।राहुल क्या कर सकते हैं। यह उन्होंने बता दिया। एक जन नेता की तरह पार्टी और देश को निर्भय नेतृत्व। यह मैसेज अपने बोलने, जनता के बीच लगातार रहने से वे दे चुके हैं। राहुल किसी से नहीं डरता। जनता का जो भी दुखी परेशान है राहुल उनके साथ खड़ा है। और कोई किसी जाति, धर्म, गरीब, मध्यमवर्गीय किसी वर्ग का हो राहुल को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हर पीड़ित उनके लिए समान है और यही बात सीलमपुर में कही थी कि जब तक जिन्दा हूं किसी के साथ कोई अत्याचार नहीं होने दूंगा।यह राहुल की ताकत और उनकी जनता में छवि है। इसी के अनुरूप कांग्रेस को उनके प्रोग्राम बनाना चाहिए। संविधान, जाति गणना, 50 प्रतिशत से ऊपर आरक्षण के मुद्दों को वे स्थापित कर चुके हैं। कांग्रेस को इसी के आसपास अपनी उस रणनीति को बनाना चाहिए जिसका जिक्र खरगे ने दिल्ली सीडब्ल्यूसी में किया था।अब काम खरगे का और कांग्रेस के बाकी नेताओं का है कि वे जल्दी से जल्दी पार्टी संगठन के काम को पूरा करें। उन लोगों को बाहर करें जो राज्यों की विधानसभाओं की हार के सीधे जिम्मेदार हैं। कम से कम तीन राज्यों हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश के नेताओं ने तो सीधे-सीधे कांग्रेस को डूबोया है। इन सबको बाहर करने की जरूरत है।रणनीति बनाना, ट्रेनिंग, यह सब बाद की चीजें हैं। पहला नेतृत्व दिखाना। सामने खरगे ही हैं। उन्हीं को करना पड़ेगा। सलाह चाहे जिस से लें। मगर संगठन को जल्दी से जल्दी पूरा बनाना पड़ेगा। नए आफिस में जगह दे दी है। क्या जरूरत थी। पुराने में अकबर रोड वाले पर ही कौन बैठता है? नए आफिस में जब नए लोग आते थे उन्हें बिठाना था। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आफिस में बैठना शुरू नहीं किया है। दो साल से ज्यादा हो गए अध्यक्ष बने। दफ्तर में बैठना और लोगों से मिलने का सबसे ज्यादा असर होता है।कांग्रेस के काम बहुत हैं। 11 साल से बहुत सुस्त रफ्तार में पार्टी चल रही है। नए आफिस को बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं। मगर यह भी 2009 में शुरू हुआ था 2025 में बन पाया। 16 साल बहुत होते हैं।

संपादकीय

# एमएसपी और आठवां वेतन आयोग

पिछले 55 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आखिरकार चिकित्सा सहायता लेने के लिए राजी हो गए हैं। श्री डल्लेवाल ने यह मंजूरी तब दी जब केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि आगामी 14 फरवरी को चंडीगढ़ में किसानों से वह बातचीत करेगी। हालांकि जगजीत सिंह डल्लेवाल अब भी इस बात पर अडिग हैं कि वह मांगें पूरी होने तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पिछले 11 महीनों से आंदोलन पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। बैठक के ऐलान के बाद किसान नेताओं ने डल्लेवाल से अनुरोध किया कि वे चिकित्सा सहायता लें ताकि वे इस प्रस्तावित बैठक में हिस्सा ले सकें। श्री डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जा रहा है और इस पर अदालत भी चिंता जतला चुकी है, लेकिन सरकार इस बारे में सही में कितनी फिक्रमंद है, यह विचारणीय है। पिछले साल 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलनकारी किसान डेरा डाले हुए हैं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने उन्हें अपनी फसलों के लिए कानूनी एमएसपी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी। पिछले साल 8, 12, 15 और 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच चार दौर की बैठकें हुई थीं, जो बेनतीजा रही थी। अब एक लंबे अंतराल के बाद फिर से किसानों के साथ बैठक प्रस्तावित हुई है, जिसका क्या नतीजा निकलेगा इस बारे में कुछ भी कहना कठिन है।

पिछले अनुभव तो यही बताते हैं कि सरकार हद दर्जे की हठधर्मिता दिखाती है। वह हर हाल में किसानों को मजबूर और लाचार बनाकर झुकाना चाहती है। इससे पहले जब 2020-21 में किसानों ने ऐसा ही लंबा आंदोलन किया था, तो आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर तीनों कृषि कानून वापस लिए थे कि मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई, जो मैं समझा नहीं पाया। यानी यहां भी सरकार ने अपनी गलती नहीं मानी, केवल यह स्वीकार किया था कि किसान कृषि कानूनों की उपयोगिता नहीं समझ सके। किसान तब कृषि कानूनों को वापस लेने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य अपनी फसलों के लिए मांग रहे थे, अब भी उनकी मांग वही है। लेकिन सरकार के तर्क भी वही हैं कि इससे सरकारी कोष पर भार बढ़ेगा। आश्चर्य यह है कि जब सरकार आठवां वेतन आयोग के गठन की मंजूरी देती है, तब उसे इस वित्तीय भार की चिंता नहीं होती।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी गुरुवार को केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले से लगभग 50 लाख केन्द्रीय कर्मियों को लाभ होगा, साथ ही लगभग 65 लाख पेंशनधारकों की पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। अकेले दिल्ली में ही लगभग चार लाख कर्मचारियों को लाभ होगा, इनमें रक्षा और दिल्ली सरकार के कर्मचारी शामिल हैं। दिल्ली में अगले महीने की शुरुआत में ही चुनाव होने हैं, जिसमें भाजपा उम्मीद लगा कर बैठी है कि उसका 26 सालों का वनवास खत्म होगा और उसे दिल्ली की सत्ता भी मिलेगी। हालांकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तगड़ी तैयारियों के आगे भाजपा के लिए सत्ता हासिल करना कठिन चुनौती है। भाजपा की मुश्किल आसान करने के लिए ही शायद मोदी सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन का फैसला लिया, ताकि दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की एक बड़ी आबादी के वोट उसके लिए सुनिश्चित हो जाएं।जानकारी के मुताबिक, आठवें वेतन आयोग में न्यूनतम आधार वेतन को बढ़ाकर 34,650 रुपये किया जा सकता है, जो कि सातवें वेतन आयोग में 17,990 रुपये है। वहीं, पेंशन को 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,280 रुपये किया जा सकता है। हालांकि, ये सिर्फ संभावना है, अगले साल 2026 में जब आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होंगी, तब असल आंकड़े सामने आएंगे। पाठकों को बता दें कि सातवें वेतन आयोग का गठन 2014 में किया गया था और इसकी सिफारिशें एक जनवरी, 2016 से लागू हुई थीं, जो 2026 में समाप्त हो रही हैं।

# ट्रम्प शासन के शुरुआती दौर में भारतीय रुपये में गिरावट का खतरा वास्तविक

**अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर में हाल ही में हुई अस्थिरता ने इस बात पर बहस को जन्म दिया है कि केंद्रीय बैंक को राष्ट्रीय मुद्रा के प्रगतिशील अवमूल्यन की स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए**

जहां तक भारतीय विदेशी मुद्रा बाजार का सवाल है, दरें लगभग सीधे तौर पर व्यवहार से जुड़ी हुई हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। अगर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) घरेलू बाजार में बिकवाली करते हैं और फिर अपने फंड निकाल लेते हैं, तो रुपया दबाव में आ जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन के ताजा अंक में प्रकाशित एक पेपर में इस बारे में लिखा है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर में हाल ही में हुई अस्थिरता ने इस बात पर बहस को जन्म दिया है कि केंद्रीय बैंक को राष्ट्रीय मुद्रा के प्रगतिशील अवमूल्यन की स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। कुछ टिप्पणीकारों और रिपोर्टों के अनुसार, रुपया कुछ ही समय में 90 डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है।

भारत के अग्रणी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक ने रुपये-डॉलर की दरों में मौजूदा उतार-चढ़ाव को ट्रम्प टैंट्रम्स के रूप में वर्णित किया है, जो कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपने शानदार अध्यक्ष, बेनबर्नानके के तहत नीति सुधार चरण के दौरान पहले जो हुआ था, उसके संदर्भ में है।

बर्नानके प्रभावशाली अर्थशास्त्रियों में से एक थे और 1930 के दशक की महामंदी पर उनके काम ने उन्हें 2008 के वैश्विक वित्तीय मंदी के बाद की स्थिति को संभालने के लिए एक विशेष उपकरण प्रदान किया। ऐसी स्थिति का सामना करते हुए जिसमें केंद्रीय बैंकर अर्थव्यवस्था के व्यवहार को प्रभावित करने के लिए ब्याज दर भिन्नता जैसे मौद्रिक नीति साधनों का उपयोग करने में असमर्थ थे, प्रमुख केंद्रीय बैंकरों ने %मात्रात्मक सहजता% (क्यूई) के रूप में जाना जाने वाला उपाय शुरू किया था। इसमें वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद करके सिस्टम में अधिक तरलता जारी करना और इस प्रकार नये फंड डालना शामिल था। स्थिति स्थिर होने के बाद, क्यूई जारी रहा और फिर वह समय आया जब इन्हें रोकना पड़ा-अर्थात्नीति उलटने का जमाना आया। बर्नानके ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से इस प्रक्रिया की शुरुआत की थी, जिसके कारण 2012-13 में वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल मच गयी थी।तब जो हुआ था, वह यह था कि नीतिगत रुख के उलट होने से उभरते बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) से धन का पलायन हुआ और वापस अमेरिका में आ गया। परिणामस्वरूप, ईएमई की मुद्राओं में एक तरह की गिरावट आई और विनिमय स्थिरता ने ईएमई को गंभीर रूप से प्रभावित किया। सबसे अधिक प्रभावित लोगों को एक नाम भी दिया गया था, फ्रैंजाइल फाइव।



वित्त विशेषज्ञों के बीच उस चरण को टेपरटैंट्रम के रूप में जाना जाता था, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रणाली द्वारा बॉन्ड खरीद को कम किया गया था।नये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आर्थिक कार्रवाइयों की एक श्रृंखला का सुझाव देने के साथ, वित्तीय बाजारों द्वारा एक समान अस्थिरता प्रकट की जा रही है। यह स्पष्ट और स्पष्ट रूप से घबराहट है। डोनाल्ड ट्रम्प उन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं, जिनके निर्यात बाजार अमेरिका में हैं। इस प्रकार, ट्रम्प कह रहे हैं कि वे केनडा, मैक्सिको और सबसे बढ़कर, चीन पर उनके उत्पादों पर टैरिफ लगायेंगे जो अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं।

ट्रम्प ने भारत को भी नहीं बख्शा है। उन्होंने अक्सर भारत को टैरिफ किंग के रूप में वर्णित किया है, यह इंगित करते हुए कि भारत अक्सर संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात पर टैरिफ लगाता है।ट्रम्प टैरिफ का उद्देश्य बाहर से आयात को सीमित करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में एक रूढ़िवादी निरंकुश शासन स्पष्ट रूप से आयात को प्रतिबंधित करेगा और इसके बजाय अमेरिकी मांगों को बाहर से आयात करने के बजाय घरेलू उत्पादित वस्तुओं पर निर्देशित करेगा। उम्मीद है कि इससे ट्रम्प के समर्थकों और उनके अनुयायियों द्वारा घोषित और प्राप्त की गयी तथाकथित मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मगा)कार्य योजना - अमेरिका को फिर से महान बनाओ- को बहाल या हासिल किया जा सकेगा।

हालांकि, अमेरिका और उसके व्यापार भागीदारों में जमीनी स्तर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, आयात को प्रतिबंधित करने वाले टैरिफ अमेरिका के अंदर आपूर्ति दबाव पैदा करेंगे। जैसा कि अर्थशास्त्र के जाने-माने प्रोफेसरों में से एक बैरी आइचेन ग्रीन ने तर्क दिया है, संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर विनिर्माण की कठोरता के कारण, अमेरिकी उपभोक्ताओं को घरेलू कमी को दूर करने के लिए आयातित वस्तुओं की ओर रुख करना होगा। ऐसा होने के लिए, विदेशी उत्पादों को खरीदना अभी भी सस्ता बनाने के लिए अमेरिकी डॉलर को मजबूत करना होगा।

इस प्रकार, ऐसा प्रतीत होता है कि अल्पावधि में, अमेरिकी डॉलर में वृद्धि के लिए भारी दबाव आयेगा। व्यापारिक साझेदारों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पहले से ही, कई प्रतिस्पर्धी मुद्राएं, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चीनी मुद्रा ने डॉलर के मुकाबले निचले स्तर दिखाये हैं। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ अमेरिका की नयी वास्तविकताओं के लिए इस तरह के वैश्विक समायोजन की स्थिति में, भारतीय वित्तीय क्षेत्र को नई वास्तविकताओं के मद्देनजर समायोजित करने के लिए बहुत सतर्क दृष्टिकोण अपनाना समझदारी होगी।नयी वास्तविकताएं और रुझान क्या हैं जिनके खिलाफ भारतीय केंद्रीय बैंक को निकट भविष्य के लिए अपनी नीतियां बनानी चाहिए? सबसे पहले, बाजार की ताकतों के खिलाफ मुद्रा की विनिमय दर को वास्तव में नियंत्रित करना लगभग असंभव है। क्या होता है जब केंद्रीय बैंक दरों को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च करते हैं। हस्तक्षेप समाप्त होने के तुरंत बाद मुद्राओं पर हमले फिर से शुरू हो जाते हैं। ऐसा बार-बार हुआ है। दूसरे, मुद्रा दरें आम तौर पर एक अवधि में घरेलू ताकत और कमजोरियों को दर्शाती हैं। इस प्रकार, समग्र व्यापार में रुझान, घरेलू मूल्य स्तर, ब्याज दरें और इसी तरह के कारक दीर्घकालिक संभावनाओं को प्रभावित करते हैं।जहां तक भारतीय विदेशी मुद्रा बाजार का सवाल है, दरें लगभग सीधे तौर पर व्यवहार से जुड़ी हुई हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। अगर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) घरेलू बाजार में बिकवाली करते हैं और फिर अपने फंड निकाल लेते हैं, तो रुपया दबाव में आ जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन के ताजा अंक में प्रकाशित एक पेपर में इस बारे में लिखा है। यह प्रवृत्ति कोई नई नहीं है। यह 2008 के बाद की वित्तीय मंदी के दौर में देखी गयी थी।

इस तरह की पृष्ठभूमि में बाजार को स्थिर करने के लिए आरबीआई का भारी हस्तक्षेप कुछ हद तक निरर्थक है। बेशक, ये हस्तक्षेप अपने तात्कालिक लक्ष्य को हासिल करते हैं-अर्थात तत्काल दरों को स्थिर करते हैं।

लेकिन विदेशी मुद्रा बाजार का एक और पहलू है - सख्त तकनीकी कारक जो अक्सर बढ़ जाते हैं और उन्हें थोड़ा ठीक करने की जरूरत होती है। ऐसा ही एक कारक विदेशी गैर-वितरणीय रुपया व्यापार प्रवृत्ति है। ये पूरी तरह से सट्टा हैं और वास्तव में डिलीवर करने योग्य नहीं हैं। जब रघुराम राजन ने रिजर्व बैंक के गवर्नर का पद संभाला था, तब इसने कुछ हद तक महत्व हासिल कर लिया था। एक अच्छे अर्थशास्त्री होने के नाते, उन्होंने विदेशी गैर-वितरणीय बाजार को नियंत्रित करने के लिए बहुत सफलतापूर्वक कदम उठाये थे।उन दिनों के सबक पर फिर से विचार करना उचित हो सकता है और उनमें से कुछ सबक शिक्षाप्रद हो सकते हैं। हालांकि, रुपये की विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए हस्तक्षेप के लिए एक विस्तृत और निरंतर कार्यक्रम प्रति-उत्पादक हो सकता है और हम विदेशी मुद्रा भंडार का एक अच्छा हिस्सा बर्बाद कर सकते हैं।

ट्रंप शासन अमेरिका को प्राथमिकता देने की अपनी योजनाओं के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को अशांत करने की क्षमता रखता है। निश्चित रूप से अस्थिर वित्तीय बाजार और सीमाओं के पार पूंजी का बड़ा प्रवाह होगा, जो कई अन्य मापदंडों को अज्ञात क्षेत्रों में छोड़ देगा, विनिमय दरों को तो छोड़ ही दें। हमें अपनी चौकसी कम नहीं करनी चाहिए।

किसी भी दर पर, रिजर्व बैंक के पास उथल-पुथल के समय विनिमय बाजार को संभालने की बहुत महत्वपूर्ण और उपयोगी संस्थागत स्मृति है। आरबीआई जानता है कि ऐसी स्थिति में कैसे आगे बढ़ना है।

## विंडो के मेला उत्सव में शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा



**सिलवानी।** तहसील अंतर्गत आने वाले वनांचल ग्राम पंचायत सालावरु के विंडो के मेला उत्सव में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने मेला उत्सव में शामिल होकर प्रतिवर्ष अनुसार जन समुदाय को संबोधित किया। आयोजित जनकल्याण शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरण किये। इस अवसर पर रायसेन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा,मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर रामसेवक पटेल सहित विभागों के अधिकारी कर्मचारीओं की उपस्थिति में मेला उत्सव में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के तहत वार्ड 14 में किया शिविर का आयोजन



**सिलवानी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के तहत नप द्वारा नगर के अलग-अलग वार्डों में शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के आवेदन लेकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। नप द्वारा वार्ड 14 में शिविर आयोजित किया गया। आयोजित किए गए शिविर में नागरिकों द्वारा आवेदन दिए गए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जा रहा है।

सीएमओ ऋषिकांत यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के तहत 11 दिसंबर से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। नप द्वारा अब तक 12 वार्डों में शिविर का आयोजन किया है। आने वाले दिनों में शेष वार्डों में भी शिविर का आयोजित किए जाएंगे। शिविर में शामिल होकर पात्र हितग्राही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं लाभ लेने के लिए आवेदन जमा कर सकते है। नप द्वारा योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को लगातार जागरुक किया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू सहित नगर परिषद कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का मंडल अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**सिलवानी।** उचेरा जमुनिया के ग्रीन पार्क कुटीर मैदान पर राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने शुभारंभ किया। सर्व प्रथम अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व गेंद से बल्ले को हिट कर मुकाबले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि खेल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अवसर प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य को लेकर अनुकूल वातावरण और सुविधा उपलब्ध कराना है।
इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाहा,पार्षद प्रतिनिधि मोहन साहू, सरपंच संजय तुमराम एवं आयोजन समिति के निशांत जैन, मानक राय, अमित राय, मुकेश साहू, हुकुम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## सदभावना कप सीजन10 प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



**सिलवानी।** जमुनिया ग्राम उचैरा जमुनिया में सदभावना क्रिकेट क्लब के तत्वाधान जिला स्तरीय टेनिस वॉल प्रतियोगिता का आज सुभारम्भ किया गया जिसके मुख्य अतिथि विभोर जैन, श्याम साहू मण्डल अध्यक्ष सिलवानी,ग्राम पं. के सरपंच संजय तुमराम, रामनारायण इमने जनपद सदस्य प्रतिनिधि, प्रदीप कुशवाह पार्षद सिलवानी दिवाकर शर्मा उप सरपंच प्रतिनिधि,ग्राम के पटैल मिश्रीलाल , प्राण सिंह, मानक राय , धनसिंह राय, ऋषि पटैल, जरदार खान और ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा फीता काट कर सुभारम्भ किया गया।रोमांच के पहले दिन 4 टीमों ने भाग लिया जिसमे करमोदी ने अपने दोनों मैचों में विजयी हासिल की।

## आरजी कर हत्या-बलात्कार केस: भाजपा नेताओं ने दोषी की सजा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** सियालदह कोर्ट की विशेष अदालत द्वारा सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट के फैसले पर अब भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है।
भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, "आरजी कर मामले में फैसला तो आ गया, लेकिन क्या पूरा न्याय हुआ? पीड़िता के माता-पिता और डॉक्टर प्रोटेस्ट कर रहे थे, उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या वह इस फैसले से संतुष्ट हैं। स्पष्ट है कि टीएमसी की सरकार ने सबूत को मिटाया, खुद सुप्रीम कोर्ट और पीड़िता के माता-पिता ने यह बात कही है। वहां की सरकार बेटी को न्याय दिलाओ नहीं, बल्कि सच को दबाओ पर काम कर रही थी। कई लोगों के मन में अभी भी संशय है कि यह एक आदमी का काम नहीं हो सकता है।

# इफको नैनो उर्वरक के प्रयोग से किसानों में आएगी खुशहाली: बाल्मीकि त्रिपाठी




**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर। देश का किसान कृषि के क्षेत्र में निरंतर नई तकनीक** को अपनाते हुए उत्पादन बढ़ाने की तरफ प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में इफको के दो नए उत्पाद इफको नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी किसान की खेती की लागत को कम करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण उर्वरक हैं । उक्त बातें मंगलवार को बरना बाजार फूलपुर में कोरडेट द्वारा समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रबी फसल विचार गोष्ठी के दौरान बतौर मुख्य अतिथि इफको

कॉरडेट प्रबंध समिति के अध्यक्ष बाल्मीकि त्रिपाठी ने कहीं । उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास मे महिलाओं का अहम योगदान है। खेती किसानी में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। इसी क्रम में इफको नई दिल्ली से पधारे उप महा प्रबंधक विपणन श्री रजनीश पाण्डेय ने किसानों और देश के विकास के प्रति इफको की कटिबद्धता को बताते हुए कहा कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से हम सस्ती और टिकाउ खेती कर सकते हैं। इफको उ0प्र0 के राज्य विपणन प्रबंधक एवं सचीव कोरडेट ने विस्तार से और सरल भाषा में नैनो उर्वरकों , सागरिका, जैव उर्वरकों एवं इफको के अन्य उत्पादों के उपयोग की जानकारी दी। आपके प्रश्नो का ह जवाब हम देंगे पर उसे आपको अपना कर उसके परिणाम से भी हमको अवगत कराना पड़ेगा तभी हम आपके अनुरूप उर्वरकों और तकनीक को आपके बीच में ला पाएंगे । सभा में कॉरडेट प्रबंध समिति के सदस्य श्री आरपी सिंह बघेल , श्री राज दत्त पाण्डेय एवं श्री अभय चौधरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉर्डेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र जी ने कॉर्डेट फूलपुर द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में आए हुए कृषकों को तरल जैव उर्वरक एवं जैव अपघटक का निशुल्क वितरण किया गया। सभा में कृषकों का कॉर्डेट में कार्य कर रहे श्रमिकों का उनके अच्छे कृषि कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया । श्री वरूणेश्वर महादेव ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। के कार्यक्रम के अंत में मुकेश तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बंगाल सरकार ने मामला सीबीआई बनाम सीआईडी बना दिया, आरजी कर मामले में सजा पर बोले अधीर



**कोलकाता।**
पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के मामले में सियालदह कोर्ट ने आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया से कहा कि वह इस सजा से संतुष्ट नहीं हैं।
अधीर रंजन चौधरी ने कहा, "मैं इस सजा से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हूं। मैं न्यायाधीश के खिलाफ कुछ नहीं कह सकता। न्यायाधीश भी क्या करें? जिस तरीके से तफ्तीश की गई थी और सबूत पेश किए गए थे, उसी हिसाब से सजा मिलनी चाहिए थी। अगर न्यायाधीश चाहें भी तो कुछ नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें भी उच्च अधिकारियों पर निर्भर रहना पड़ता है। जांच में जो खामियां थीं, उन्हें पहले ही हम सबने उठाया था। इन खामियों के कारण आज अपराधी को उम्रकैद की बजाय जमानत मिल सकती थी क्योंकि राज्य सरकार ने यह मुद्दा 'सीबीआई बनाम सीआईडी' में बदल दिया था। यह सब राजनीतिक दखल के कारण हो रहा है।" उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सीबीआई और सीआईडी का नहीं होना चाहिए, बल्कि दरिंदों को कड़ी सजा दिलवाने का होना चाहिए, ताकि अपराधी अंदर से डर महसूस करें। मुझे लगता है कि बंगाल में अब अपराधियों को डर नहीं रहा है और भविष्य में भी यह स्थिति सुधरने की संभावना नहीं है।
उल्लेखनीय है कि सियालदह कोर्ट की विशेष अदालत ने सोमवार को सरकारी आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में एकमात्र दोषी सिविक वालंटियर संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। जज ने कहा कि यह कोई दुर्लभतम मामला नहीं है। अदालत ने शनिवार को ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप और हत्या मामले में आरोपी सिविक वालंटियर संजय रॉय को दोषी करार दिया था। फैसले के समय संजय रॉय ने अदालत में दावा किया था कि उसे फंसाया गया है। हालांकि, न्यायाधीश अनिर्बन दास ने कहा कि उसे सजा सुनाए जाने से पहले सोमवार को बोलने का मौका दिया जाएगा। मृतक छात्रा के माता-पिता ने दोषी करार दिए जाने के लिए न्यायाधीश का शुक्रिया अदा किया था।
मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में अफरा-तफरी की स्थिति भी बन गई थी, जिसके बाद अदालत ने सख्त लहजे में सभी लोगों को चेतावनी दी थी और आरोपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया था।
पीड़िता के पिता ने सोमवार सुबह पत्रकारों से कहा था, "आज सजा सुनाने से पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश दोषी की बात सुनेंगे। उसने 20 जनवरी को कुछ कहने पर जोर दिया था। हम चाहते हैं कि उसे अधिकतम सजा दी जाए।"



पीएसी कैंप महाकुंभ प्रयागराज में श्रीमती दीपिका मिश्रा धर्मपत्नी डॉ. राजीव नारायण मिश्र प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन सांसद पदम श्री एवं पद्म विभूषित श्रीमती सुधा मूर्ति को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह देते हुए।


## मैकेनिकल विभाग में तकनीकी युग में वर्तमान परिपेक्ष पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया



**हरियाणा/ हिसार।**
गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में 17 जनवरी 2025 को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में वर्तमान परिपेक्ष ( हालिया रुझान) पर 1 दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. सुनील सिंहमार बिट्स पिलानी और एमडीयू रोहतक से डॉ. रविंदर सहदेव ने नए युग में नई तकनीक के विस्तार पर बी.टेक और एम.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग में आने वाले समय में अपार अवसर मिलेंगे । छात्रों को नई नई तकनीक सीखनी चाहिए । छात्रों ने प्रौद्योगिकियों के बारे में गहन जानकारियां प्राप्त की ।

वर्कशॉप के सयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पुनीत कत्याल ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से विधार्थियों को नए विषय से अपडेट रखने के लिए बहुत जरूरी है और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में भी बहुत सहायता मिलती है। कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ० हिमांशु मनचंदा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को नई तकनीक सीखाने के लिए विभाग हर प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए देश प्रदेश से वरिष्ठ इंजीनियरों और विशेषज्ञों को आमंत्रित करके समय समय पर अनेक विषयों पर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। विश्वविधालय के कुलपति प्रो० नरसी राम तथा कुलसचिव प्रो० विनोद छोक्कर का छात्रों के विकास और नई तकनीक सीखने में हमेशा प्रोत्साहन मिलता रहता है। इनके मार्गदर्शन में छात्र नए नए शोध करके देश में विश्वविधालय का नाम रोशन कर रहे हैं ।

## बंटी-बबली करते हुए युवतियों की व्यापार



**भुवनेश्वर।** खूबसूरत हंसिता की खौफनाक साजिश सामने आ गई है। इस दलाल दम्पति ने अपराध की सभी सीमाएं पार कर ली थीं। इस कॉरपोरेट दलाल का एक और कृत्य, जो नवाबों जैसा व्यवहार और सीधा-सादा दिखता है, दिखाता है कि वे कितने भयानक हैं।

इन्फोसिटी पुलिस की इस एफआईआर पर नजर डालिए।120-बी आईपीसी - यानि आपराधिक षडयंत्र। आईटी एक्ट 2000 की धारा 67 - यानी किसी युवती की नग्न तस्वीर को सोशल मीडिया पर वायरल करना या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के जरिए दूसरों को दिखाना। अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 की धारा 5 - अर्थात युवा महिलाओं की तस्करी। विशेष अपराध इकाई इस मामले की जांच कर रही है, जो 16 तारीख को दर्ज किया गया था। विशेष अपराध इकाई के पास महत्वपूर्ण जानकारी है ,दलाल दम्पति ने युवती को राज्य से बाहर भेज दिया ! जांच के दौरान पता चला कि कई लड़कियों को बेंगलुरु और दिल्ली भेजा गया था। यह पता लगाने के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं कि युवती की तस्करी कब, किसे और किस उद्देश्य से की गई। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि इन कॉपोर्रेट दलालों को युवतियों को विदेश भेजकर क्या लाभ हुआ है।

ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस युवतियों को पीड़ित मानकर उनके बयान दर्ज करना चाहती है। हालांकि, पूवार्नुमानकर्ता ने कहा कि युवतियों के बयान के बाद बड़े नाम सामने आएंगे।जांच के दौरान पता चला कि कई लड़कियों को बेंगलुरु और दिल्ली भेजा गया था। यह पता लगाने के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं कि युवती की तस्करी कब, किसे और किस उद्देश्य से की गई। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि इन कॉपोर्रेट दलालों को युवतियों को विदेश भेजकर क्या लाभ हुआ है।
ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस युवतियों को पीड़ित मानकर उनके बयान दर्ज करना चाहती है। हालांकि, पूवार्नुमानकर्ता ने कहा कि युवतियों के बयान के बाद बड़े नाम सामने आएंगे।
अनिल मोहंती और हंसिता अभिलाषा के ऐसे कारनामों ने पूरे देश में हलचल मचा दी है।



## यूक्रेनी सैनिकों ने खेरसॉन क्षेत्र के गांव में दो रॉकेट दागे, 21 लोग घायल

एजेंसी

**जेनिचेस्क।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने खेरसॉन क्षेत्र के बेख्तेरी गांव पर एचआईएमएआरएस मल्टीपल लॉन्च सिस्टम के जरिए दो रॉकेट दागे हैं। इस हमले में 21 लोग घायल हुए हैं। गवर्नर के प्रेस सचिव व्लोडिमीर वासिलेंको ने इस घटना की पुष्टि की है। वासिलेंको ने बताया कि बताया कि हमला स्थानीय स्कूल परिसर को निशाना बनाकर किया गया, जिसमें तीन बच्चों समेत 21 लोग घायल हुए। हमले के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। स्थानीय प्रशासन ने घायल लोगों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाने के लिए एंबुलेंस और चिकित्सा दल को मौके पर तैनात किया। सचिव वासिलेंको ने कहा, यह हमला निर्दोष नागरिकों पर किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन है। हमले के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## पुतिन ने ट्रंप को दी बधाई, कहा- बातचीत के लिए तैयार

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले शुभकामनाएं दीं। ट्रंप को व्हाइट हाउस में दूसरी बार लौटने पर बधाई देते हुए पुतिन ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। पुतिन ने टेलीविजन पर दिए गए अपने बयान में ट्रंप को उनके आगामी शपथग्रहण समारोह पर बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा, हम दोनों देशों के हित में सहयोग बढ़ाने और वैश्विक स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि रूस यूक्रेन में स्थायी शांति का पक्षधर है और इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता देगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूक्रेनी संघर्ष पर नए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। सभी लोगों के वैध हितों के सम्मान के आधार पर स्थायी शांति सुनिश्चित होनी चाहिए। दरअसल. ट्रंप ने पहले कहा था कि एक बार जब वह पदभार संभाल लेंगे तो वह चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने का कोशिश करेंगे। हालांकि, उन्होंने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने को लेकर योजना का खुलासा नहीं किया था।

## विवेक रामास्वामी ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे, नई भूमिका की तैयारी

**वाशिंगटन ।** उद्यमी विवेक रामास्वामी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का हिस्सा नहीं होंगे। उन्हें व्हाइट हाउस में नए सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था। हालांकि अब इस भूमिका को नहीं निभाएंगे। क्योंकि वह ओहायो के गवर्नर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। यह जानकारी व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने दी। अब डीओजीई की जिम्मेदारी एलन मस्क को दी गई है, जिन्हें सोमवार दोपहर व्हाइट हाउस में देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि मस्क को व्हाइट हाउस पास दिया गया है, और वह वेस्ट विंग से काम करेंगे। ट्रंप-वैन्स ट्रांजिशन की प्रवक्ता एना केली ने कहा, विवेक रामास्वामी ने डीओजीई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि गवर्नर चुनाव में उतरने की इच्छा के चलते विवेक ने इस कमेटी से अलग होने का फैसला किया है। केली ने कहा, उनकी योजना जल्द ही चुनाव लड़ने की है, जिसके कारण उन्हें डीओजीई से बाहर रहना होगा। हम उनके योगदान के लिए दिल से धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अमेरिका को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीओजीई से अलग होने के बाद रामास्वामी ने इसका हिस्सा बने रहने के लिए सम्मान बताया और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर जल्द घोषणा करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ÷डीओजीई की स्थापना में सहयोग करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। मुझे भरोसा है कि एलन और उनकी टीम सरकार को बेहतर बनाने में सफल होंगे।

## कोलम्बिया में बढ़ती हिंसा के बीच आपातकाल की स्थिति घोषित

**बोगाटो।** कोलम्बिया में बढ़ती हिंसा और उग्रवाद के कारण राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र कैटाटुम्बो में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। श्री पेट्रो ने यह कदम हाल ही में नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के उग्रवादियों की ओर से किए गए हमलों के बाद उठाया, जिनमें करीब 80 लोगों की मौत हो गई और 11 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए। उन्होंने इन हमलों की निंदा की और कहा कि ईएलएन अब एक ऐसा सशस्त्र समूह बन गया है जो ड्रग तस्करी और अर्धसैनिक संस्कृति से अधिक प्रभावित है। श्री पेट्रो ने कहा कि यह हिंसा और आतंकवाद देश की सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संकट को समाप्त करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। राष्ट्रपति के इस फैसले के बाद से सशस्त्र बलों ने ईएलएन द्वारा धमकी दिए गए नागरिकों को बचाने के लिए अपने प्रयासों को तेज़ कर दिया है। खासकर, उन समुदायों को निशाना बनाया गया है जिनमें शांति समझौतों के तहत हिंसा से बचने वाले लोग और उनके परिवार शामिल हैं। इन समुदायों में टिओरामा, एल तारा, कंवेंसन, सान कैलिक्स्टो, हकारी और टिबू जैसे नगर पालिकाएं शामिल हैं, जहां ईएलएन के हमलों और धमकियों से नागरिकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

# अमेरिका में फिर आया ट्रंप युग

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण करने के अपने पहले संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अब शुरू हुआ है। अमेरिका फर्स्ट की नीति के साथ वो फिर से देश को आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वो सभी को साथ लेकर चलने को तत्पर हैं। साथ ही उन्होंने दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की भी घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के बाद पहला बड़ा फैसला लेते हुए देश के दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाई जाएगी। संगठित अपराध के खिलाफ आज से ही काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठ रोकने के लिए जरूरत पड़ी तो वहां सेना को भी भेजा जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे जहां से वो आए हैं।अपनी सरकार की प्राथमिकता को बताते हुए ट्रंप ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता घुसपैठ को रोकना है ताकि



देश की जनता सुरक्षित महसूस करे। दूसरी प्राथमिकता महंगाई पर रोक लगाना है ताकि लोगों को जरूरी सामानों के लिए अतिरिक्त बोझ न पड़े। ट्रंप ने कहा, अत्यधिक खर्च और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई का संकट पैदा हुआ और इसीलिए आज मैं नेशनल एनर्जी इमरजेंसी की भी घोषणा करता हूं।लॉस एंजिल्स में आग की विभिषिका पर ट्रंप ने कहा, 'हमारे पास एक पब्लिक हेल्थ सिस्टम है जो आपदा के समय काम नहीं करता है। फिर भी दुनिया के किसी भी देश की तुलना में इसपर अधिक पैसा खर्च किया जाता है। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। हमारे पास एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो हमारे बच्चों को कई मामलों में खुद पर शर्म करना और हमारे देश से नफरत करना सिखाती है। यह सब आज से ही बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा, मैं देशों को जोड़ने की कोशिश करूंगा। शांति स्थापित करना मेरी प्राथमिकता है। विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई नहीं होगी। सैनिकों के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। मैं युद्ध रोकने की कोशिश करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि दूसरे देशों की जंग में अब अमेरिका की सेना नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि दुनिया उन्हें शांति दूत के तौर पर जाने। चीन को चुनौती देते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पनामा कैनाल से चीन का आधिपत्य खत्म करेंगे। पनामा कैनाल को वापस लेंगे। वहीं भविष्य की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका जल्द मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजेगा और दुनिया के सामने नई मिशाल पेश करेगा। अपने भाषण के शुरुआत में ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अब शुरू हुआ है। अमेरिका फर्स्ट की नीति के साथ वो फिर से देश को आगे लेकर जाएंगे। हम अपनी संप्रभुता बनाए रखेंगे। दुनिया हमारा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। अमेरिका में अब घुसपैठ नहीं होगा।

## विपक्षी दलों के दबाव के बीच ओली सरकार ने संसद सत्र बुलाने का किया फैसला

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के विपक्षी दलों के गठबंधन ने संसद अधिवेशन बुलाने का अल्टीमेटम दिए जाने बाद आखिरकार सरकार ने संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने का फैसला किया गया है। विपक्षी दलों के गठबंधन ने पिछले हफ्ते बैठक कर संसद का नियमित अधिवेशन बुलाने की मांग की थी। इस गठबंधन ने सोमवार तक संसद की बैठक बुलाने का फैसला नहीं करने



पर विशेष अधिवेशन बुलाने के लिए स्पीकर के समक्ष मांग करने की जानकारी दी थी। विपक्षी दलों के अल्टीमेटम के आखिरी दिन सरकार ने संसद का नियमित सत्र बुलाने का निर्णय कर लिया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के लिए राष्ट्रपति के समक्ष सिफारिश करने का फैसला किया है।

सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र 1 फरवरी से बुलाने के लिए राष्ट्रपति के समक्ष सिफारिश का फैसला किया है। इससे पहले सरकार ने संसद का सत्र बुलाने के बदले करीब आधा दर्जन अध्यादेश जारी किया था, जिसे इस सत्र में पेश करना होगा।

## डोनाल्ड ट्रंप ने 6 जनवरी के कैपिटल दंगों में शामिल 1500 लोगों माफी दी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद सबसे पहले अपने ओवल ऑफिस पहुंचे। उन्होंने कठोर रुख अपनाते हुए पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन के 78 फैसलों को रद कर दिया। कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने इस दौरान 6 जनवरी के कैपिटल दंगों में शामिल सभी लोगों को माफी दी। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकॉस्टिंग कारपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने 6 जनवरी के कैपिटल दंगों में शामिल सभी लोगों को माफ कर दिया है। उन्होंने जेल अधिकारियों को दंगों से संबंधित सभी कैदियों को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति के रूप में ओवल कार्यालय दोबारा लौटते ही ट्रंप ने सबसे पहला कार्य विद्रोह में शामिल लगभग 1,500



लोगों को क्षमा करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने 14 अन्य लोगों की सजा की अवधि भी कम कर दी। साथ ही इन लोगों को भी तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। रिहा होने वालों में धुर दक्षिणपंथी प्राउड बॉयज और ओथ कीपर्स समूहों के नेता और सदस्य शामिल हैं। सीबीएस न्यूज की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप ने ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से संयुक्त राज्य अमेरिका को निकालने की घोषणा की। खबर में कहा गया है कि इससे ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के दुनिया भर के प्रयासों को झटका लगना तय है। ट्रंप ने देश की बागडोर संभालने के बाद घोषणा की कि अमेरिका पेरिस समझौते को छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि पेरिस जलवायु समझौते पर अमेरिका को शामिल करने का फैसला अनुचित था।

## पाकिस्तान के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन, चीन ने किया निर्माण और वित्त पोषण

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में स्थित ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह अत्याधुनिक हवाई अड्डा 42 अरब डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के तहत विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के निर्माण और वित्त पोषण का कार्य चीन ने किया है, जो पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ते आर्थिक और रणनीतिक सहयोग का प्रतीक है। ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पाकिस्तान का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है, जिसे आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस किया गया है। इसका उद्देश्य न केवल स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है बल्कि यह क्षेत्र में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस नये हवाई अड्डे पर पहुंचने वाला पहला वाणिज्यिक विमान पीके 503 बना, जिसमें वाणिज्यिक यात्री और उच्च



पदस्थ अधिकारी सवार थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया और इसे ग्वादर को मध्य और पूर्वी एशिया, मध्य पूर्व और खाड़ी देशों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी में बदलने में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। एक बयान में प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के संचालन को पाकिस्तान और व्यापक क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में रेखांकित किया। पीएम शहबाज ने कहा कि यह उपलब्धि हमें सीपीईसी के माध्यम से पाकिस्तान और क्षेत्र के विकास के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की साझा प्रतिबद्धता को पूरा करने के करीब लाती है।

## पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछान ` की जमानत के खिलाफ सरकार की हाई कोर्ट में अपील

एजेंसी

**काठमांडू।** पांच सहकारी बैंक के घोटाले में प्रमुख अभियुक्त बनाए गए पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने को जिला अदालत के जमानत पर रिहा करने के खिलाफ सरकार की तरफ से हाई कोर्ट के अपील की गई है। पोखरा के सूर्यदर्शन सहकारी बैंक और काठमांडू के स्वर्णलक्ष्मी सहकारी बैंक घोटाले में प्रमुख अभियुक्त बनाए जाने के बावजूद पोखरा और काठमांडू के जिला अदालत ने रवि लामिछाने को जमानत पर रिहा करने का फैसला दिया था। निचली अदालत के इस फैसले को गंडकी प्रदेश के हाई कोर्ट पोखरा और बागमती प्रदेश के हाई कोर्ट पाटन में जमानत रद्द करने की मांग की गई है। नेपाल सरकार की तरफ से महान्यायाधिवक्ता कार्यालय ने दोनों जगह पर जमानत खारिज करने की मांग के साथ अपील की गई है। पोखरा जिला अदालत द्वारा रवि लामिछाने को सहकारी घोटाले में अभियुक्त बनाने के बावजूद 60 लाख रुपये की जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। सरकारी वकील कमला काफ्ले ने रवि को जमानत दिए जाने के खिलाफ अपील करते हुए फैसले को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जमानत पर छोड़ने के कारण सबूतों के साथ छेड़खानी होने, गवाहों को प्रभावित करने के चलते जमानत रद्द करने की मांग की गई है। पोखरा और काठमांडू के बाद रवि लामिछाने के खिलाफ इस समय भैरहवा के सुप्रीम सहकारी बैंक घोटाले में प्रमुख आरोपित के रूप में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जल्द ही रवि को भैरहवा जिला अदालत में पेश होकर जमानत लेनी होगी।

# मुख्यमंत्री ने सियोल में वैश्विक निवेश रोड शो में लिया भाग

एजेंसी

**सियोल।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने सियोल में आयोजित वैश्विक निवेश रोड शो में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने दक्षिण कोरिया के उद्योगपतियों और निवेशकों को आगामी 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर समिट' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह समिट गुवाहाटी में 25 और 26 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि असम की रणनीतिक स्थिति, केंद्रीय सरकार का विशेष सहयोग और अनुकूल नीतियां इसे निवेश के लिए उपयुक्त गंतव्य बनाती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक्ट ईस्ट नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति असम को दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ संबंध मजबूत करने का केंद्र



बिंदु बना रही है। डॉ सरमा ने भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित इस रोड शो में 140 से अधिक व्यवसायिक नेताओं से बातचीत की। उन्होंने दक्षिण कोरियाई उद्योगपतियों को असम की निवेश-हितैषी नीतियों और समृद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम, पर्यटन के साथ-साथ सेमीकंडक्टर और ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए भी बेहतरीन संभावनाएं प्रदान करता है। बाद में, डॉ सरमा ने कोरिया ट्रेड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी (केओटीआरए) के अध्यक्ष क्यूंगसुंग कांग और उनकी टीम से मुलाकात की।

उन्होंने दक्षिण कोरियाई उद्योगपतियों को समिट में भाग लेने का निमंत्रण देते हुए इसे असम और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार और उद्योगिक साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया।मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया के ऑटोमोबाइल सहायक उद्योग के सीईओ और नेताओं के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि असम भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के विशाल ऑटो उद्योग तक आसान पहुंच के साथ उत्पादन का एक बड़ा केंद्र बन सकता है। उन्होंने उद्योगपतियों को अपनी सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

# चीन में दो लोगों को फांसी दी गई

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने पिछले साल नवंबर में दो अलग-अलग घातक हमलों में मौत की सजा पाए दो लोगों को फांसी दे दी। 62 वर्षीय फैन वेइकिउ को 11 नवंबर को झुहाई में एक खेल केंद्र के बाहर व्यायाम कर रहे लोगों के समूह पर जानबूझकर एसयूवी चढ़ाने का दोषी ठहराया गया था। इस हमले में 35 लोग मारे गए और 43 अन्य घायल हो गए थे। इस घटना ने सूचने देश को हिलाकर रख दिया था।

सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, इस घटना के कुछ दिनों बाद 16 नवंबर को 21 वर्षीय जू जियाजिन ने पूर्वी प्रांत जियांग्सू के एक कॉलेज में आठ लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। कालेज स्टूडेंट जू परीक्षा में फेल हो गया था और फैक्टरी इंटर्न के रूप में मिलने वाले कम मानदेय से भी नाराज था। झुहाई की अदालत ने फैन को दोषी ठहराया था। अदालत ने जोर दिया था कि फैन के व्यवहार के लिए मौत के मामले में कानून की सबसे कड़ी सजा जरूरी है। दिसंबर में यह



मामला बीजिंग स्थित सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट में पहुंचा। शीर्ष अदालत ने भी कहा था कि दोषी को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। शिन्हुआ के मुताबिक, फांसी के तरीके को सार्वजनिक नहीं किया गया पर जू को फांसी से पहले अपने परिवार से मिलने की अनुमति दी गई। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट के अध्यक्ष और मुख्य न्यायाधीश झांग जून ने गंभीर अपराधों के लिए सख्त और छोटे सामाजिक अपराधों के लिए अधिक उदार सजा का आग्रह किया है। चीन की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की देखरेख करने वाले केंद्रीय राजनीतिक और कानूनी मामलों के आयोग के महासचिव यिन बाई ने वीभत्स घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों का आह्वान किया है। यही नहीं, राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित शीर्ष नेता दुर्लभ मामलों में कठोरतम दंड की वकालत कर चुके हैं। शीर्ष अभियोजक यिंग योंग ने हाल की घटनाओं से लिए गए सबक के आधार पर इसी तरह के अपराधों को रोकने और जांच में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। दो लोगों की फांसी की सजा पर सीएनएन ने भी खबर दी है। इसमें कहा गया कि चीन के अधिकांश सोशल मीडिया यूजर ने 62 वर्षीय फैन वेइकिउ और 21 वर्षीय जू जियाजिन को फांसी देने पर खुशी जताई है। इस पर एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि चीन फांसी की कुल संख्या पर पारदर्शी जानकारी प्रदान नहीं करता है। माना जाता है कि चीन दुनिया का शीर्ष जल्लाद है। जहां हर साल हजारों लोगों को फांसी दी जाती है।

## ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से हटने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, चीन को बताया जिम्मेदार

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने के अपने फैसले का बचाव करते हुए चीन को जिम्मेदार ठहराया। इससे पहले उन्होंने पहले कार्यकाल 2017 में इसके लिए भारत को दोष दिया था। डोनाल्ड ट्रंप ने स्पोर्टिंग एरिना में समर्थकों से कहा, मैं अन्यायपूर्ण, एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से तत्काल हट रहा हूं, क्योंकि जब चीन बिना किसी रोक-टोक के प्रदूषण फैला रहा है, तो अमेरिका अपने उद्योगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

इस अवसर पर देश के सभी हिस्सों से लोग राजधानी आए थे। यह खास समारोह आम तौर पर यूएस कैपिटल के बाहर होता था। लेकिन इस बार, समारोह को यूएस कैपिटल के अंदर कर दिया गया। इसलिए, जो लोग समारोह देखना चाहते थे, उन्हें स्पोर्टिंग एरिना में ले जाया गया। वहां उन्होंने विशाल टीवी स्क्रीन पर समारोह देखा। ट्रंप ने आगे कहा, आप



जानते हैं चीन बहुत सारी गंदी ऊर्जा का उपयोग करता है, लेकिन वे बहुत सारी ऊर्जा का उत्पादन करते हैं। जब यह हवा में जाता है, तो यह चीन में नहीं रहता, यह हवा के साथ अन्य देशों में भी पहुंचता है, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका। इसलिए, जब हम स्वच्छ हवा की बात करते हैं, तो हमें यह भी सोचना चाहिए कि अन्य देशों से आने वाली प्रदूषित हवा का क्या होगा। जब तक सभी देश स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग नहीं करते, तब तक स्वच्छ हवा की बात करना व्यर्थ है। इस प्रकार अमेरिका एक बार फिर पेरिस जलवायु समझौते से बाहर हो गया है। ट्रंप ने जश्न खत्म होने से पहले ही काम शुरू कर दिया और एक आदेश पर हस्ताक्षर करके बाइडन प्रशासन के कई नियमों को रद्द कर दिया। यह सब उनके समर्थकों के सामने हुआ, जो स्पोर्टिंग एरिना में पूरे दिन इसका इंतजार कर रहे थे। राष्ट्रपति के निर्देश पर उद्घोषक ने कहा, राष्ट्रपति ने बाइडन प्रशासन के समय के 78 आदेशों, कार्यवाहियों और ज्ञापनों को रद्द करने वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।÷ यह हस्ताक्षर स्टेडियम में बने एक विशेष मंच पर, राष्ट्रपति की मोहर के साथ किए गए।

## विदेश मंत्री जयशंकर मोदी के विशेष दूत के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के उद्घाटन समारोह में हुये शामिल

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व



किया। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह सुबह सेंट जॉन्स चर्च में उद्घाटन दिवस प्रार्थना सेवा में शामिल हुए।उन्होंने कहा, आज वाशिंगटन डीसी में अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री और प्रधान मंत्री के विशेष दूत के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिलाआज सुबह सेंट जॉन्स चर्च में उद्घाटन दिवस प्रार्थना सेवा में भाग लिया।

# महिला शिक्षा पर प्रतिबंध इस्लाम के खिलाफ, लड़कियों के लिए फिर से खुलें स्कूल : तालिबान के उप विदेश मंत्री

एजेंसी

**काबुल ।** तालिबान के कार्यवाहक उप विदेश मंत्री ने अफगान लड़कियों के लिए स्कूल खोले जाने की अपील की है। यह टिप्पणी हाल के वर्षों में किसी तालिबान अधिकारी की तरफ से देश में महिला शिक्षा पर प्रतिबंध की सबसे कड़ी सार्वजनिक आलोचनाओं में से एक है। लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी एक ऐसी नीति है जिसने तालिबान को दुनियाभर से अलग-थलग कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेर मोहम्मद अब्बास स्तानेकजई ने सप्ताहांत में एक भाषण में कहा कि लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध इस्लामी शरिया कानून के अनुरूप नहीं है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, मंत्री ने तालिबान के प्रशासन के नाम का जिक्र करते हुए कहा, हम इस्लामिक अमीरात



के नेताओं से शिक्षा के दरवाजे खोलने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा, पैगंबर मुहम्मद के समय में ज्ञान के दरवाजे पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुले थे।कार्यवाहक उप विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान की महिला आबादी का जिक्र करते हुए कहा, ''आज, चालीस करोड़ की आबादी में से हम बीस करोड़ लोगों के खिलाफ अन्याय कर रहे हैं।'' तालिबान का दावा है कि वे इस्लामी कानून और अफगान संस्कृति की अपनी व्याख्या के अनुसार महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करते हैं। हालांकि उन्होंने 2022 में लड़कियों के लिए हाई स्कूल खोलने के वादे पर यू-टर्न लिया। 2022 के अंत में महिला छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया।तालिबान प्रशासन तब से कहता रहा है कि वह स्कूलों को फिर से खोलने की योजना पर काम कर रहा है, लेकिन उसने कोई समयसीमा नहीं बताई है। इस्लामी विद्वानों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तालिबान नीतियों की व्यापक आलोचना की गई। पश्चिमी राजनयिकों ने कहा है कि तालिबान को औपचारिक मान्यता देने का कोई भी रास्ता तब तक बंद है जब तक कि महिलाओं के प्रति उनकी नीतियों में बदलाव नहीं होता।

## सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ओवरऑल चैंपियन

एजेंसी

लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2025 में दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक 59 स्वर्ण पदक के साथ अपना दबदबा बनाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन सीआरपीएफ की टीम उपविजेता रही जबकि मध्य प्रदेश को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तर प्रदेश ने 59 स्वर्ण, 62 रजत व 109 कांस्य पदक सहित कुल 230 पदक के साथ पहला स्थान हासिल किया। सीआरपीएफ 13 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ दूसरे व मध्य प्रदेश 8 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## रिचर्ड डॉसन बने ग्लैमरगन के अंतरिम मुख्य कोच

एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लैमरगन क्रिकेट क्लब ने रिचर्ड डॉसन को अपना अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है। यह कदम पिछले महीने पूर्व कोच ग्रांट ब्रैडबर्न के भेदभावपूर्ण व्यवहार के आरोपों के चलते इस्तीफा देने के बाद उठाया गया। डॉसन का कोचिंग करियर बेहतरीन अनुभवों से भरा है। उन्होंने ग्लूस्टरशायर के मुख्य कोच के रूप में छह वर्षों तक काम किया, जिसमें टीम को 2019 में डिवीजन वन में प्रमोशन दिलाने और 2020 के टी20 फाइनल में पहुंचाने में मदद की। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रदर्शन मार्ग में योगदान दिया और इंग्लैंड अंडर-19 टीम की देखरेख भी की।

डॉसन का बयान

नियुक्ति पर डॉसन ने कहा, मैं ग्लैमरगन के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होकर बेहद खुश हूं। वेल्श फायर के साथ मेरे अनुभव ने मुझे क्लब के कामकाज को करीब से समझने का मौका दिया। मैं खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर पिछले सत्र की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।

## इंग्लैंड के खिलाफ मध्यक्रम को लचीला बनाए रखेगा भारत : अक्षर पटेल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के होनहार ऑलराउंडर अक्षर पटेल इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के लचीले मध्यक्रम के साथ मैदान में उतरने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान टीम इंडिया लचीले मध्यक्रम के साथ काम करेगी। पिछले साल टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम ने अपनी बल्लेबाजी लाइनअप में अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया है जिन्हें टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले पत्रकारों से बात करते हुए स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने कहा कि केवल सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ही निश्चित बल्लेबाजी स्थान की उम्मीद कर सकते हैं। पटेल ने कहा, ...सलामी बल्लेबाज तय हैं लेकिन तीसरे से सातवें नंबर तक के सभी बल्लेबाजों को कहा गया है कि वे किसी भी समय, किसी भी स्थिति में बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा मध्यक्रम मैच की स्थिति, उस समय किस तरह के गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे हैं, कौन सी जोड़ी अच्छी तरह काम कर रही है, इस आधार पर बल्लेबाजी के लिए आएगा। हमने इस बारे में बात की है कि हम सभी फ्लोटर्स कैसे हो सकते हैं, चाहे वह जल्दी आना हो या स्पष्ट रूप से समाप्त करना हो।

## नौ साल बाद रणजी में खेलेंगे रोहित, जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मैच के लिए टीम में मिली जगह

मुंबई। रोहित शर्मा को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। यह मुकाबला गुरुवार से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के बीकेसी मैदान में खेला जाएगा।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने के बाद संजय पाटिल की अगुवाई वाली मुंबई की चयन समिति ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में सितारों से भरी टीम की घोषणा की रोहित शर्मा ने इससे पहले आखिरी रणजी मैच नवंबर 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। हालांकि इस बार खराब फॉर्म की वजह से उन्हें रणजी खेलों की ओर रुख करना पड़ा है। यह निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के क्रिकेटरों को शेष घरेलू प्रथम श्रेणी सीज़न में खेलने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करने के आदेश के मद्देनजर आया है। यह नहीं, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के भी जल्द मुंबई रणजी टीम से जुड़ने की उम्मीद है। रोहित इस युवा खिलाड़ी के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। जबकि मध्यक्रम को रहाणे, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे मजबूती देंगे। अनुभवी गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को भी टीम में शामिल किया गया है।


# सोफी एक्लेस्टोन ने एशेज हार के बाद टीवी इंटरव्यू से किया इनकार : एलेक्स हार्टले

एजेंसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड की पूर्व विश्व कप विजेता स्पिनर एलेक्स हार्टले ने दावा किया है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। हार्टले का कहना है कि टीम की प्रमुख खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ने उनके साथ टीवी इंटरव्यू करने से इनकार कर दिया। यह विवाद हार्टले द्वारा इंग्लैंड की खिलाड़ियों की फिटनेस पर की गई आलोचना के बाद खड़ा हुआ है।

हार्टले, जो पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद एक सफल प्रसारक और विश्लेषक के रूप में सक्रिय हैं, ने हाल ही में कहा था कि इंग्लैंड की टीम ने अक्टूबर में टी20 विश्व कप के दौरान खराब फिटनेस के कारण निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उन्होंने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ हार को इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, इंग्लैंड के कप्तान हीथर नाइट और कोच जॉन लुईस ने इस आरोप को खारिज करते हुए इसे टीम के प्रदर्शन का कारण मानने से इनकार किया था।

सिडनी में खेले गए पहले टी20 मैच में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा,



जिससे ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 8-0 की बढ़त बना ली। इस हार के बाद हार्टले ने बीबीसी के टीएमएस पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि इंग्लैंड की टीम अब उनसे कोई संवाद नहीं कर रही है।

हार्टले ने कहा, इंग्लैंड की टीम ने मुझे पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। मैंने केवल यह कहा था कि उनकी फिटनेस ऑस्ट्रेलिया के स्तर की नहीं है। मेरा मकसद था कि वे बेहतर बनें और बड़ी ट्रॉफियां जीतें। लेकिन तब से टीम ने मुझसे दूरी बना ली है।

इंग्लैंड की फील्डिंग और फिटनेस पर सवाल

एशेज सीरीज के दौरान इंग्लैंड की फील्डिंग और एथलेटिक प्रदर्शन सवालों के घेरे में रहा है। हार्टले ने कहा कि इंग्लैंड ने पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की एथलेटिकिज्म का सामना करने में संघर्ष किया। उन्होंने इंग्लैंड के कोच जॉन लुईस के उस बयान को भी खारिज किया, जिसमें उन्होंने टीम में फिटनेस को कोई समस्या नहीं बताया था। हार्टले ने कहा, जॉन लुईस का मानना है कि इंग्लैंड की फिटनेस में कोई समस्या नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि कुछ खिलाड़ियों की एथलेटिकिज्म में सुधार की जरूरत है। अगर मेरी राय टीम को गलत लगती है, तो यह उनका अधिकार है, लेकिन मेरे साथ किया गया व्यवहार पूरी तरह से अनुचित है। हार्टले ने साफ किया कि उनकी टिप्पणियों का मकसद टीम की आलोचना नहीं, बल्कि उसे बेहतर बनाने में मदद करना था। उन्होंने कहा, अगर इंग्लैंड और मेरे रिश्ते इसी तरह आगे बढ़ने वाले हैं, तो ऐसा ही सही। लेकिन मैं हमेशा वही कहूंगी जो मुझे सही लगे।

## मैनचेस्टर सिटी ने उज्बेकिस्तान के डिफेंडर खुसानोव के साथ अनुबंध पूरा किया

एजेंसी

लंदन। मैनचेस्टर सिटी ने फ्रांसीसी टीम लेंस से सेंट्रल डिफेंडर अब्दुकोदिर खुसानोव के साथ अनुबंध की पुष्टि की है। इसके साथ ही खुसानोव प्रीमियर लीग में खेलने वाले उज्बेकिस्तान के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने जून 2029 तक साढ़े चार साल के अनुबंध पर सहमति जताई है, और इंग्लिश क्लब को इसके लिए 33.6 मिलियन पाउंड (41.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का भुगतान करना पड़ा है, क्योंकि वे अपनी पहली टीम के दल को फिर से जीवंत करना चाहते हैं। यह बिक्री लेंस के लिए बहुत बड़ा लाभ है, जिन्होंने 18 महीने पहले बेलारूसी क्लब एनर्जेटिक-बीजीयू से उज्बेकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को लगभग 90,000 यूरो (94,000 अमेरिकी डॉलर) में साइन किया था। खुसानोव ने पेप गार्डियोला द्वारा प्रशिक्षित क्लब के लिए साइन करने पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की, क्लब की वेबसाइट के हवाले से उन्होंने कहा कि मैनचेस्टर सिटी की टीम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से भरी हुई है, और मैं उनसे मिलने और उनके साथ खेलने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।



उन्होंने कहा, और निश्चित रूप से पेप गार्डियोला अब तक के सबसे महान कोचों में से एक हैं और मैं उनसे सीखने और अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

मैनचेस्टर सिटी के फुटबॉल निदेशक त्सिकी बेगिरिस्टेन ने बताया कि खुसानोव, जिन्होंने अपने देश के लिए 18 बार खेला है, बहुत बुद्धिमान हैं, साथ ही मजबूत, आक्रामक और बेहद तेज हैं।

## सिंधु, चिराग–सात्विक लक्ष्य करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन जकार्ता में शुरू होने वाले इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। महिला एकल विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज पीवी सिंधु अपने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में वियतनाम की दुनिया की 32वें नंबर की खिलाड़ी गुयेन थ्यू लिन्ह से भिड़ेंगी। इसी के साथ महिला एकल वर्ग में आकर्षी कश्यप, अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी एक्शन में नजर आएंगी।

लक्ष्य सेन अपने राउंड ऑफ 32 में जापान के ताकुमा ओबायाशी का सामना करेंगे।

प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज भी इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में पुरुष एकल में अपनी दावेदारी पेश करेंगे। पुरुष युगल स्पर्धा में, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी भारत की एकमात्र और सबसे बड़ी उम्मीद होगी। चिराग-



सात्विक की जोड़ी अपने राउंड ऑफ 32 मैच में चीनी ताइपे के चेन झी-रे और लिन यू-चीह से भिड़ेगी। महिला युगल वर्ग में अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रास्टो भारतीय जोड़ी पहले दौर में थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न-सुकिता सुवाचाई से मुकाबला करेंगी। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो ध्रुव कपिला के साथ इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंदा काहया सारी जमील भिड़ेंगी।

## तेजस शिरसे ने लक्जमबर्ग में 60 मीटर हर्डल्स का तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी

लक्जमबर्ग । भारतीय धावक तेजस शिरसे ने सीएमसीएम लक्जमबर्ग इंडोर मीटिंग 2025 में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ एथलेटिक्स में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। तेजस शिरसे ने कोक स्पोर्ट सेंटर में हुई अपनी हीट्स में 7.65 सेकेंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने 2017 में सिद्धांत थिंगालया द्वारा बनाए गए 7.70 सेकेंड के पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

फाइनल में भी 22 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपनी हीट्स का समय दोहराया और संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहे। हालांकि, वह वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप 2025 के लिए निर्धारित क्वालीफाइंग मानक (7.57 सेकेंड) से सिर्फ 0.08 सेकेंड से चूक गए। इस प्रतियोगिता में पोलैंड के जकुब स्ज़िमान्स्की ने 7.41 सेकेंड के समय के साथ



स्वर्ण पदक जीता। बेल्जियम के एली बकारी (7.55 सेकेंड) और पोलैंड के डेमियन च्जिकियर (7.60 सेकेंड) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। तेजस का इससे पहले 60 मीटर बाधा दौड़ में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 7.75 सेकेंड का था, जो उन्होंने पिछले साल फरवरी में ईरान के तेहरान में आयोजित एक एथलेटिक्स मीट में बनाया था। पिछले साल तेजस ने फिनलैंड के ज्यवेस्किला में वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर मीटिंग में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में भी नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को 57 रनों से हराया

एजेंसी

सिडनी। बेथ मूनी (75) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद जॉर्जिया वेयरहैम (तीन विकेट) और अलाना किंग (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 57 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र चार रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। मैया बाउचियर और डेनिएल वायट बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गईं। इसके बाद सोफिया डंकली ने नेट साइबर ब्रंट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। नेट साइबर ब्रंट (20) को अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान हीथर नाइट



(18), एमी जोंस (12), सोफी एकल्सटन (13) रन बनाकर आउट हुई। सोफिया डंकली ने इंग्लैंड के लिए 30 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 16 ओवर में 141 के स्कोर पर समेट कर 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। 75 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन विकेट और अलाना किंग ने दो विकेट लिये। मेगन शूट, किम गार्थ, ऐनाबेल सदरलैंड और तालिया मैक्ग्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिये बेथ मूनी और जॉर्जिया वेयरहैम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए (40) रन जोड़े। चौथे ओवर में लॉरेन बेल ने जॉर्जिया वेयरहैम (21) को पगबाधा आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद फीबी लिचफील्ड (25) रनआउट हुईं। एलिस पेरी (सात), ऐनाबेल सदरलैंड (तीन) रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने नौ गेंदों में 26 रनों की पारी खेली। ग्रेस हैरिस (14) रन बनाकर आउट हुईं। बेथ मूनी ने 51 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (75) रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 198 का स्कोर खड़ा किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : शेल्टन ने मोनफिल्स को तथा सोनेगो ने टिएन को हराया





एजेंसी

मेलबर्न। अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन फ्रांस के गेल मोनफिल्स तथा इटली के लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिका के लर्नर टिएन पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में 22 वर्षीय अमेरिका के खिलाड़ी ने लगभग तीन घंटे की कड़ी टक्कर के बाद 7-6, 6-7, 7-6,1-0 से जीत दर्ज की। 19वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेने वाले मोनफिल्स को पीठ की चोट के कारण रिटायर होना पड़ा। इस बीच एक अन्य मैच में इटली के लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी लर्नर टिएन को 6-3, 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया।

## सिनेर ने रूण को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी

मेलबर्न। गत चैंपियन जैनिक सिनेर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर डेनमार्क के होल्गर रूण को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं।

आज यहां खेले गये मुकाबले में इटली के सिनेर ने कड़ी चुनौती के बीच अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता का पूरा इस्तेमाल करते हुए डेनमार्क के होल्गर रूण पर 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई।


इटली के टेनिस खिलाड़ी ने पहला सेट मात्र 33 मिनट में जीत लिया। 13वीं वरीयता प्राप्त रूण को सिनेर की ताकत और सटीकता को नियंत्रित करने में संघर्ष करना पड़ा। डेन केवल एक बार सिनेर की सर्विस पर 2-0 से आगे थे। हालांकि, रूण ने अपनी लय हासिल करते हुए कई ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद दूसरा सेट 6-3 से जीतकर मैच को 1-1 से बराबर कर दिया। रूण की मैच में वापसी के बावजूद सिनेर ने तीसरे सेट में अपनी स्थिति मजबूत की। कई ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, सिनर ने रूण की गलतियों का



फायदा उठाया, डेन की सर्विस को तोड़कर मैच पर नियंत्रण हासिल किया। रूण ने जांघ की चोट के लिए उपचार भी करवाया, लेकिन सिनेर ने अपना ध्यान बनाए रखा। चौथा सेट निर्णायक साबित हुआ।

इस दौरान टूटे हुए नेट के कारण थोड़े समय के व्यवधान के बाद सिनेर ने गति पकड़ी, रूण की सर्विस को दो बार तोड़ा और फिर आसानी से मैच जीत लिया। क्वार्टर फाइनल में सिनेर का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनाउर और अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन के मैच के विजेता से होगा।

## सूरमा हॉकी क्लब ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया



एजेंस

राउरकेला। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में रोमांचक मुकाबले में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 2-1 से हराया। यहां राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में आयोजित मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रमाक खेल का प्रदर्शन किया लेकिन दोनों ही गोल करने में विफल रहे। मैच के दूसरे क्वार्टर में में सूरमा हॉकी क्लब के लिए प्रभजोत सिंह ने (21वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मनिंदर सिंह ने (28वें) मिनट में गोलकर टीम को बढ़त को दोगुना कर दिया। वही श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए एकमात्र गोल जुगराज सिंह ने (39वे) मिनट में किया।

# अगला खो खो विश्वकप बर्मिंघम में होगा : सुधांशु मित्तल

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले अगले विश्वकप की मेजबानी इंग्लैंड का बर्मिंघम करेगा। खो खो विश्व कप के पहले संस्करण के सफल समापन के बाद आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री मित्तल ने अगले खो-खो विश्वकप की मजबानी करने वाले शहर के नाम की घोषणा की। श्री मित्तल ने कहा, केकेडब्ल्यूसी 2025 एक बड़ी सफलता थी। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अगला खो-खो विश्व कप 2026-2027 में इंग्लैंड के बर्मिंघम में आयोजित किया जाएगा। हमें यह देखकर बहुत खुशी होगी कि दूसरा संस्करण पहले संस्करण से बड़ा होगा और सभी उम्मीदों को पार करेगा।उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय खो-खो महासंघ का अगला कांग्रेस सत्र भी 17 अप्रैल को होगा, जहां अगले चार वर्षों की रणनीति पर चर्चा की जाएगी और उसे औपचारिक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय महिला और पुरुष टीमों के कप्तानों ने केकेएफआई अध्यक्ष और सचिव को ट्रॉफी सौंपते हुए जीत पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। दोनों टीमों के कोच सुमित भाटिया, डॉ. मुन्नी जून (महिला टीम) और अश्विनी शर्मा (पुरुष टीम) ने भी इस आयोजन के लिए महासंघ का आभार व्यक्त किया और खेल को वैश्विक पहचान दिलाने में मदद की। इस समारोह में



केकेएफआई के महासचिव एम.एस. त्यागी, अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ के महासचिव रोहित हल्दानिया, ईज माई ट्रिप के वीरेंद्र कुमार, केकेडब्ल्यूसी के सीईओ मेजर जनरल विक्रम देव डोगरा और दोनों विश्व कप विजेता कप्तान- प्रतीक वाइकर और प्रियंका इंगले शामिल हुए।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप : 59 स्वर्ण के साथ उप्र ने जीता चैंपियन ट्राफी, सीआरपीएफ रही उपविजेता

एजेंसी

लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक 59 स्वर्ण पदक के साथ अपना दबदबा बनाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के अंतिम दिन सीआरपीएफ की टीम उपविजेता रही, जबकि मध्य प्रदेश को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

मेजबान उत्तर प्रदेश ने 59 स्वर्ण, 62 रजत व 109 कांस्य पदक सहित कुल 230 पदक के साथ पहला स्थान हासिल किया। सीआरपीएफ 13 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ दूसरे व मध्य प्रदेश 8 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया और आगामी टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने की। जूनियर बालक अंडर-48 किग्रा में सर्विसेज के जश्न योगी ने



स्वर्ण, बिहार के सौरभ कुमार ने रजत एवं मध्य प्रदेश के अभि शर्मा व उत्तर प्रदेश के प्रखर सिंह ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक अंडर-51 किग्रा में उत्तर प्रदेश के सुधीर कुमार ने स्वर्ण, सर्विसेज के शिवांश सेंगर ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के लवकुश व साई रायबरेली के निर्जल कुमार ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक अंडर-55 किग्रा मं साई काशीपुर के प्रथमेश पंवार ने स्वर्ण, हरियाणा के प्रदीप ने रजत, सर्विसेज के अनुज तिवारी व बिहार के ऋतिक कुमार ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालिका अंडर-52 किग्रा में तृषिका वर्मा ने स्वर्ण, अनन्या यादव ने रजत एवं आयुषी कुशवाहा व आरोही खन्ना (सभी उत्तर प्रदेश) ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक अंडर-63 किग्रा में सर्विसेज के भूपिंदर ने स्वर्ण, साई काशीपुर के विजय यादव ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के विजय व हिमांशु तिवारी ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक 78 किग्रा से अधिक में बिहार के राजकुमार ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश के अंश प्रताप सिंह ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के अबु हुरैरा व युवराज गुप्ता ने कांस्य पदक जीते। जूनियर बालक अंडर-78 किग्रा में आदित्य राज कौशल ने स्वर्ण, अक्षत गुसाई ने रजत (दोनों साई काशीपुर) एवं उत्तर प्रदेश के आदित्य कुमार दुबे व पंजाब के शरद सिंह ने कांस्य पदक जीते।

# दिल्ली पुलिस ने 26 जनवरी से पहले चलाया चेकिंग अभियान

**नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी और विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तर पश्चिमी जिले की महिंद्रा पार्क थाना प्रभारी लोकेश शर्मा और उनकी पुलिस टीम जगह-जगह बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही है। दरअसल दिल्ली के सभी 15 जिले की पुलिस अपने-अपने इलाके में दिन-रात सघन चेकिंग कर रही है ताकि चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जा सके। दिल्ली पुलिस पिछले 14 दिनों में मारपीट कर शांति भंग करने के अलावा अन्य गतिविधियों में शामिल 14 हजार एक सौ 83 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इनमें आपराधिक तत्व के लोग भी शामिल हैं। इस बार दिल्ली पुलिस पहले की तुलना में



अत्यधिक अलर्ट दिख रही है। हर मुख्य सड़क व कॉलोनियों की गलियों में रेहडी पटरी ढाबों के अलावा पुलिस दिन-रात वाहनों की चेकिंग कर रही है।

दिल्ली पुलिस द्वारा जारी पाक्षिक रिपोर्ट को देखें तो सात जनवरी से 19 जनवरी के बीच आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में 397 केस दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें कई केस राजनीतिक पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं के खिलाफ भी हुए हैं। दिल्ली में अवैध हथियार साथ लेकर चलने का प्रचलन जोरों पर है, यही वजह है कि पुलिस की सघन जांच में 212 पिस्टल, कट्टा व चाकू व 295 कारतूस जब्त किए जा चुके हैं।

## दिल्ली के दारूबाजों में खुशी की लहर, सीधी नल से मिल रही शराब: स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल दिल्ली की बादली विधानसभा पहुंची। जहां उन्हें लोगों ने नल से सीधा आ रहे गंदे पानी की जानकारी दी। बादली विधानसभा के लोगों ने बताया कि हम लो इसी पानी से नहाते हैं,कपड़े और बर्तन भी धोते हैं। इस बिसीले पानी के कारण लोग यहां बीमार रहते हैं। स्वाति मालीवाल ने एक महिला से पानी हाथ में लेकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दिल्ली सरकार की नई नीति है कि घर-घर में नल के जरिए बीयर पहुंचाई जा रही है।



ये दिल्ली सरकार की नई स्कीम है। वहीं उन्होंने अंत में केजरीवाल की नल से पानी पीने वाली वीडियो शेयर की। इस वीडियो में अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि उन्होंने नल से शुद्ध और मीठा पानी पिया है, इस दौरान किसी ने कहा कि दिल्ली के नलों में साफ पानी 24 घंटे आता है। ऐसे में दिल्ली के दारूबाजों में खुशी की लहर है। पहले 1 बोतल शराब खरीदने पर 1 बोतल फ्री मिलती थी और अब अरविंद केजरीवाल सीधा नल से शराब जैसा पानी दे रहे हैं। इस पानी को पीकर सीधा अस्पताल पहुंच जाएंगे। साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर तंज कसते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर दिल्ली के अस्पतालों को वर्ल्ड क्लास अस्पताल बना दिया गया है। वर्ल्ड क्लास अस्पताल बताने वाले केजरीवाल के अस्पतालों में लोगों को दवाइयां मुहैया नहीं हो रही है।

## दिल्ली चुनाव 2025 : प्रधानमंत्री मोदी दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 31 जनवरी को एक-एक रैली को संबोधित करेंगे।
भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली जनसभा 29 जनवरी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के 4 पुस्ता, करतार नगर के पास यमुना खादर क्षेत्र में आयोजित होगी। प्रधानमंत्री की दूसरी रैली 31 जनवरी को द्वारका में सेक्टर-14 के पास स्थित वेगास मॉल के निकट आयोजित की जाएगी।
प्रधानमंत्री मोदी इन जनसभाओं के माध्यम से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जनसमर्थन तैयार करने की पूरी कोशिश करेंगे। दिल्ली की राजनीति में भाजपा अपनी खोई जमीन दोबारा हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इन जनसभाओं में पीएम मोदी की मौजूदगी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।
दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को एक ही चरण में होगा। इस बार कुल 83,49,645 पुरुष; 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर वोटरों सहित 1.55 करोड़ से अधिक मतदाता अपने बहुमूल्य अधिकार का प्रयोग करेंगे। नतीजों का ऐलान 8 फरवरी को होगा।

## कांग्रेस-आप के प्रत्याशियों के कुल वोट से ज्यादा मुझे मिलेंगे : तरविंदर सिंह मारवाह

**नई दिल्ली।** जंगपुरा से भाजपा प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता तरविंदर सिंह मारवाह ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कांग्रेस प्रत्याशी पर तंज कसते हुए दावा किया कि उन दोनों को मिलाकर जितने वोट मिलेंगे, "उससे ज्यादा वोट मुझे मिलेंगे और मेरी जीत होगी"। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की अच्छी स्थिति है। चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक पर उन्होंने कहा कि बैठक अच्छी रही है। हमें जो निर्देश मिला है, उसका पालन किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जंगपुरा हाईप्रोफाइल सीटों में से एक है। यहां से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने उन्हें इस चुनाव में पटपड़गंज विधानसभा की जगह जंगपुरा से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां से फरहाद सूरी को टिकट दिया है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, तीनों पार्टियों के प्रत्याशियों का दावा है कि जनता उन्हें समर्थन देगी।
मनीष सिसोदिया आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने जंगपुरा से पहले पटपड़गंज सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीता है। हालांकि, 2020 के चुनाव में उन्हें भाजपा के प्रत्याशी से कड़ी टक्कर मिली थी। जंगपुरा सीट को आम आदमी पार्टी सुरक्षित मानती है। यहां से 2020 के विधानसभा चुनाव में आप के प्रत्याशी प्रवीण कुमार ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, इस बार आप ने उनका टिकट काटकर सिसोदिया को दिया है। सिसोदिया को चुनौती दे रहे भाजपा प्रत्याशी तरविंदर सिंह मारवाह को राजनीति का लंबा अनुभव है। वह तीन बार के विधायक रहे हैं। उन्होंने पहली बार 1998 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:**
रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# यूके के शीर्ष 10 प्रतिशत अमीरों ने 1765 से 1900 के बीच भारत से लूटे 33.8 ट्रिलियन डॉलर

**नई दिल्ली ।** ऑक्सफैम ग्लोबल की रिपोर्ट में कहा गया कि 1765 से 1900 के बीच यूके (यूनाइटेड किंगडम) के शीर्ष 10 प्रतिशत अमीर लोगों ने भारत से 33.8 ट्रिलियन डॉलर (आज की कीमत के मुताबिक) के मूल्य की सपंत्ति लूटी थी। यह इतना पैसा है कि लंदन के कुल एरिया को 50 पाउंड के नोट से करीब चार बार ढका जा सकता है।
उत्सा पटनायक और प्रभा पटनायक द्वारा लिखी गई रिपोर्ट के अनुसार, उपनिवेशवाद की एक शताब्दी के दौरान ब्रिटेन द्वारा भारत से निकाले गए 64.82 ट्रिलियन डॉलर में से 33.8 ट्रिलियन डॉलर सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए।
रिपोर्ट में बताया गया कि ब्रिटेन में आज भी सबसे अमीर लोगों की एक बड़ी संख्या अपने परिवार की



संपत्ति का श्रेय गुलामी और उपनिवेशवाद को देती है।
ऑक्सफैम की रिपोर्ट के मुताबिक, आधुनिक बहुराष्ट्रीय कंपनियां उपनिवेशवाद की देन है। इसकी शुरूआत ईस्ट इंडिया कंपनी जैसी कंपनियों ने की थी, जो खुद कानून बन गई और कई औपनिवेशिक अपराधों के लिए जिम्मेदार थी। 1750 में भारतीय उपमहाद्वीप का वैश्विक औद्योगिक उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत योगदान था, लेकिन 1900 तक यह आंकड़ा तेजी से गिरकर मात्र 2 प्रतिशत पर रह गया।
रिपोर्ट में बताया गया कि इस कमी का श्रेय ब्रिटेन द्वारा एशियाई वस्त्रों के विरुद्ध कठोर संरक्षणवादी नीतियों के कार्यान्वयन को दिया जा सकता है, जिसने भारत की औद्योगिक विकास क्षमता को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर दिया। 200 वर्षों में ब्रिटेन द्वारा भारत से 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की निकासी की गई।
2024 में वैश्विक स्तर पर कुल अरबपतियों की संपत्ति में 2 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि हुई, जिसमें 204 नए अरबपति बने। इस आंकड़े के आधार पर देखा जाए तो पिछले साल एक हफ्ते में औसत चार अरबपति दुनिया को मिले। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में कुल अरबपतियों की संपत्ति 2023 की तुलना में तीन गुना तेजी से बढ़ी। प्रत्येक अरबपति की संपत्ति औसतन प्रतिदिन 2 मिलियन डॉलर बढ़ी। सबसे अमीर 10 अरबपतियों की संपत्ति औसतन प्रतिदिन 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ी।"

# महाकुंभ 2025 : विदेशी मीडिया ने जानी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की भव्यता

**नई दिल्ली**
प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ 2025 की भव्यता और महत्व को लेकर योगी सरकार देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान में जुटी है। इसी कड़ी में सोमवार को नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय के जवाहर लाल नेहरू भवन में विदेशी मीडिया के समक्ष महाकुंभ की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। प्रयागराज में आयोजित हो रहे विश्व के सबसे बड़े आयोजन को धर्म, संस्कृति और आत्म-खोज के प्रतीक के रूप में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारियों ने विदेशी मीडिया को महाकुंभ की भव्यता की जानकारी दी।
विदेश मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया गया कि महाकुंभ 2025 मानवता के इतिहास में सबसे बड़े



आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समागमों में से एक है। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। इसकी पौराणिक जड़ें समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हैं, जिसमें अमृत कलश से चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में अमृत की बूंदें गिरी थीं। महाकुंभ का स्नान आत्मा की शुद्धि और आत्मज्ञान का प्रतीक माना जाता है।
सरकार के आकलन के अनुसार, इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, जिनमें करीब 15 लाख विदेशी पर्यटक भी होंगे। 2019 के कुंभ मेले में 25 करोड़ लोग शामिल हुए थे। यह आयोजन विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लोगों को एक साथ लाकर एकता और समानता का संदेश दे रहा है।
विदेशी मीडिया के समक्ष योगी सरकार के अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ 2025 के श्रद्धालुओं की संख्या अन्य बड़े वैश्विक आयोजनों से कहीं अधिक होगी। विश्व के बड़े आयोजन जैसे रियो कार्निवल में लगभग 70 लाख, हज में 25 लाख और ओक्टोबरफेस्ट में 72 लाख लोग शामिल होते हैं। वहीं, महाकुंभ 2025 में 45 करोड़ लोगों का आगमन इस महाआयोजन की वृहदता और इसकी वैश्विक महत्ता को दर्शार्ता है।
अधिकारियों के अनुसार, महाकुंभ 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन देगा। इससे अनुमानित व्यापार 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। उत्तर प्रदेश की जीडीपी में 1% से अधिक की वृद्धि का भी अनुमान है। दैनिक आवश्यक वस्तुओं का कारोबार 17,310 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जबकि होटल और यात्रा सेवाओं में 2,800 करोड़ रुपये का व्यापार होगा। धार्मिक सामग्री और फूलों का कारोबार क्रमशः 2,000 करोड़ और 800 करोड़ रुपये तक हो सकता है।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप्स के लिए बन रहा ग्लोबल हब: डब्ल्यूईएफ

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और साथ ही स्टार्टअप एवं डिजिटल इनोवेशन के लिए ग्लोबल हब के रूप में विकसित हो रहा है। यह जानकारी सोमवार को एक रिपोर्ट में दी गई।
भारत में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के संपर्क कार्यालय सेंटर फॉर द फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन (सी4आईआर) द्वारा लॉन्च की गई रिपोर्ट में कहा गया कि भारत द्वारा विकास की वकालत की जा रही है और यहां टेक्नोलॉजी एक बाधा के बजाय एक सेतु के रूप में कार्य कर रही है। यह अत्यधिक आवश्यक है।
आगे कहा कि फोरम को अधिक मानव-केंद्रित, ग्रह-अनुकूल और लचीले भविष्य को आकार देने में इसके भागीदार के रूप में कार्य करने पर गर्व है। सी4आईआर इंडिया को अक्तूबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत में उभरती टेक्नोलॉजी को अपनाने और जिम्मेदारी से उन्हें बढ़ावा देने पर है।
वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और नीति आयोग के बीच सहयोग से शुरू किए गए इस केंद्र का शुभारंभ चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए डब्ल्यूईएफ के केंद्रों के वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा है।
वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के प्रबंध निदेशक जेरेमी जुर्गेंस ने कहा, "पिछले छह वर्षों में सी4आईआर इंडिया मल्टीस्टेकहोल्डर सहयोग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है और इसने बेहतर आजीविका और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच के माध्यम से 12.5 लाख नागरिकों के जीवन में सुधार किया है।" जुर्गेंस ने कहा, सी4आईआर इंडिया का विस्तार जारी है और यह अब एआई, जलवायु तकनीक और अंतरिक्ष तकनीक जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।"
सी4आईआर इंडिया का लक्ष्य अपनी प्रमुख पहलों और आगामी परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए 1 करोड़ नागरिकों तक पहुँचना है।
इनमें एआई फॉर इंडिया पहल शामिल है, जिसका उद्देश्य सामाजिक लाभ के लिए एआई की क्षमता का उपयोग करना है। वहीं, स्पेस इकोनॉमी पहल का उद्देश्य भारत को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी देश के रूप में स्थापित करना है। इसके अलावा सी4आईआर इंडिया का क्लाइमेट टेक्नोलॉजी प्रोग्राम, क्लाइमेट-स्मार्ट शहरी केंद्रों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।


# दिल्ली चुनाव 2025 : रोहिंग्या-बांग्लादेशियों पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे की एंट्री हो गई है। भाजपा नेताओं ने घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) से सवाल किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि बांग्लादेशियों के मुद्दे पर केजरीवाल चुप क्यों हो जाते हैं।
भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा, "जिस दिन सैफ अली खान पर हमला हुआ था, उसके तुरंत बाद अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट किया। मगर जब उन्हें यह पता चला कि हमलावर एक बांग्लादेशी है तो उनका मुंह बंद हो गया। वह दिल्ली में जितनी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे, उसका कड़वा सच यही है कि जहां बांग्लादेशियों का नाम आता है तो वह उस मुद्दे पर चुप हो जाते हैं, क्योंकि यही उनका वोट बैंक है।"
भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने कहा, "हम तो पहले से ही कहते थे कि इंडिया गठबंधन के लोगों को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का वोट मिलता है। केजरीवाल तो खुद उनके लिए पिछले कई दिनों से रो रहे थे। अब उन्हें बताना चाहिए कि रोहिंग्या के मुद्दे पर उनका क्या स्टैंड है? हम विश्वास दिलाते हैं कि भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली के अंदर एक डिटेंशन सेंटर तैयार किया जाएगा और 30 दिन के अंदर सभी रोहिंग्याओं को डिटेंशन सेंटर में डाला जाएगा। इनको शरण देने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।"
भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से कुछ दिल्लीवासियों को कुचलने की कोशिश की है

## संक्षिप्त खबरें

### इम्यूनील ने भारत में नॉन-हॉजकिन लिंफोमा के लिए किफायती सीएआर टी-सेल थैरेपी लॉन्च


**नई दिल्ली ।** बेंगलुरु स्थित सेल और जीन थेरेपी स्टार्टअप इम्यूनील थेरेप्यूटिक्स ने सोमवार को देश की पहली व्यक्तिगत और सटीक सीएआर टी-सेल थैरेपी लॉन्च की है, जिसे क्वाटेर्मी नाम दिया गया है। यह थैरेपी वयस्कों में बी-सेल नॉन-हॉजकिन लिंफोमा (बी-एनएचएल) के लिए है।



बी-सेल नॉन-हॉजकिन लिंफोमा रक्त कैंसर का एक प्रकार है, जो शरीर की लसीका प्रणाली में बी-सेल्स को प्रभावित करता है। भारत में नॉन-हॉजकिन लिंफोमा के लगभग 80-85% मामले इसी प्रकार के होते हैं। क्वाटेर्मी को जिसे भारतीय दवा नियामक सीडीएससीओ से मंजूरी मिली है। यह एक ऐसी व्यक्तिगत थैरेपी है, जो उन वयस्क मरीजों के लिए है, जिनका कैंसर बार-बार लौट आता है, या जिन पर अन्य इलाज जैसे कीमोथेरेपी असर नहीं करते। इसे स्पेन के हॉस्पिटल क्लीनिक डी बार्सिलोना (एचसीबी) से भी लाइसेंस प्राप्त हुआ है, जो सेल थेरेपी इनोवेशन में अग्रणी विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संस्थान है। यह थैरेपी मरीज की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को संशोधित कर उन्हें कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए तैयार करती है। बेंगलुरु में विकसित की गई यह तकनीक मरीजों को लंबे समय तक राहत देने की क्षमता रखती है। कंपनी के अनुसार, क्वाटेर्मी की कीमत अमेरिका में उपलब्ध समान उत्पाद की तुलना में दस गुना कम है। कंपनी की सह-संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने कहा, "हमारा लक्ष्य कैंसर के इलाज को सस्ता और सुलभ बनाना है। क्वाटेर्मी के जरिए हम भारत में उन्नत और व्यक्तिगत इलाज ला रहे हैं, जो वैश्विक स्तर की तकनीक पर आधारित है।" 2019 में शुरू हुई इम्यूनील ने 2022 में भारत की पहली सीएआर टी सेल थैरेपी का परीक्षण किया। यह परीक्षण चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर, बेंगलुरु और चेन्नई के कई अस्पतालों में हुआ। इस तकनीक में मरीज की टी-सेल्स को जेनेटिकली मॉडिफाई कर कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए तैयार किया जाता है।
भारत और स्पेन में हुए परीक्षणों के अनुसार, क्वाटेर्मी की सुरक्षा और प्रभावशीलता, अमेरिका में स्वीकृत सीएआर टी-सेल थेरेपी के समान ही है। इम्यूनील के सह-संस्थापक और प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ मुखर्जी ने कहा, "क्वाटेर्मी का लॉन्च भारत में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक कदम है। विश्व स्तरीय रिसर्च और देश में ही निर्माण के जरिए हम रक्त कैंसर के मरीजों को नई उम्मीद दे रहे हैं।"

### दुनिया का कोई भी देश दूसरों के लिखे इतिहास, परंपरा का अध्ययन और व्याख्या करके आगे नहीं बढ़ पाया : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय विद्या भवन में नंदलाल नुवाल सेंटर ऑफ इंडोलॉजी के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।



इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया की किसी भी सभ्यता को हमारे देश जितना अत्यधिक तनाव, विकृत मिथक, अपमानजनक झूठ और असत्य का सामना नहीं करना पड़ा है। यह अकल्पनीय अनुपात की त्रासदी और उपहास है।
उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया में कोई भी देश दूसरों द्वारा लिखित इतिहास और परंपरा का अध्ययन और व्याख्या करके आगे नहीं बढ़ा है। मुझे यह स्वीकार करने में गहरा दुख होता है कि हमारे इतिहास का पहला मसौदा उन उपनिवेशवादियों ने लिखा था जिनके पास भारत के ग्रंथों और परंपराओं को देखने का एक नजरिया था। उनका एक ही मकसद था कि हमारे उन प्रसिद्ध लोगों को ऐतिहासिक उल्लेख से दूर रखा जाए, जिन्होंने उनके वंश का नेतृत्व किया और सर्वोच्च बलिदान दिया। औपनिवेशिक शासन ने हमारी शिक्षा प्रणाली पर एक बाहरी ढांचा थोप दिया और इतना ही नहीं, उन्होंने तिरस्कारपूर्वक स्वदेशी परंपराओं को अवैज्ञानिक और अप्रासंगिक बताकर खारिज कर दिया।
उन्होंने कहा कि अदूरदर्शी सोच के कारण, वे हमारी प्रक्रिया में ज्ञान और विज्ञान तथा तर्कसंगतता की गहराई की सराहना नहीं कर सके। हमारी सभ्यता को खुद को समझने के लिए स्वदेशी दृष्टिकोण की जरूरत है। जितना एक बच्चे को मां के दूध की जरूरत होती है। हमें इतिहास को आउटसोर्स करने के मूल पाप से मुक्ति पाने की आवश्यकता है। यह केंद्र इसी तरह का एक कदम है।
उन्होंने आगे कहा कि सही मायने में उपनिवेशवाद से मुक्ति तब शुरू होती है, जब हम दूसरों की कहानियों में फुटनोट बनना बंद कर देते हैं और अपने पुनर्जागरण के लेखक बन जाते हैं।

### गणतंत्र दिवस पर संविधान के 75 साल की झलक, पहली बार प्रलय मिसाइल का भी प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।** इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में संविधान के 75 साल की झलक देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में संविधान के 75 वर्ष थीम पर दो विशेष झांकियां शामिल की गई हैं। समारोह के अंत में छोड़े जाने वाले सैकड़ों गुब्बारों पर भी संविधान से जुड़ी यह थीम लिखी होगी।



इस वर्ष पहली बार प्रलय मिसाइल को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया जा रहा है। भारत में बनी प्रलय एक आधुनिक और बेहद घातक मिसाइल है। इस मिसाइल को डीआरडीओ ने विकसित किया है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है।
केंद्रीय रक्षा सचिव आरके सिंह के मुताबिक इस वर्ष 26 जनवरी की परेड में स्वदेशी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड की शुरूआत भारतीय वाद्य यंत्रों से होगी। 300 कलाकार विभिन्न प्रकार के भारतीय वाद्य यंत्रों के साथ 26 जनवरी की परेड की शुरूआत करेंगे। ये कलाकार भारत के प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संगीत की प्रस्तुति देंगे।
26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में इस बार कुल 31 झांकियां होंगी, जिनमें से 16 झांकियां विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की होंगी। झारखंड के कलाकारों द्वारा मुख्य सलामी मंच के सामने राष्ट्रगान गाया जाएगा। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर इस बार विभिन्न प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित की गई हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में भी संविधान के 75 वर्ष पूरे होने से जुड़े आयोजन रखे गए हैं।
गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य थीम स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास है। गणतंत्र दिवस परेड में अत्याधुनिक हथियार, मिसाइल सिस्टम, टैंक, आधुनिक कम्युनिकेशन संयंत्र व विशेष वाहन शामिल हैं।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी